इंदौर
गुरुवार
12 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 148

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in


कश्मीर में दो लापता एसपीओ के गोलियों से छलनी शव मिले

हथियार भी गायब

किश्तवाड़ ● एजेंसी

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में बुधवार को लापता हुए दो स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) के शव दच्छन इलाके से बरामद किए गए हैं। दोनों के शरीर पर गोलियों के निशान हैं और इनके हथियार भी नहीं मिले। अपहरण और हत्या में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

बुधवार को किश्तवाड़ जिले के दच्छन इलाके के ऊंचे





पहाड़ी और जंगली क्षेत्रों से दोनों पुलिस अफसर लापता हुए थे। उनकी तलाशी के लिए बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया गया था। अधिकारियों ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए जंगली इलाकों और दुर्गम पहाड़ी रास्तों पर ड्रोन और स्निफर कुत्तों से लैस विशेष टीमें तलाशी अभियान में जुटी थी। दोनों के शव उस जगह से करीब 2 किलोमीटर दूर मिले जहां से वे लापता हुए थे। जिन लापता एसपीओ के शव मिले, उनके नाम बाबी चंद और रशपाल कुमार हैं।

कुलगाम हमले के पीछे लश्कर कमांडर लतीफ बट

कुलगाम में सीआरपीएफ पोस्ट पर हमले के पीछे लश्कर कमांडर मोहम्मद लतीफ बट का हाथ होने का शक है। अनंतनाग में पुलिसकर्मी और कुलगाम में छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों की हत्या का भी आरोपी है. अब उस पर 15 लाख का इनाम घोषित है।

लड़के ने दी थी धमकी

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ पोस्ट पर आतंकी हमले से पहले करीब 10वीं कक्षा के छात्र की उम्र के बराबर का एक लड़का उसी नाके पर पहुंचा था, जहां आतंकियों ने हमला किया। यह लड़का यह कहकर चला गया था कि हम तुम्हें नहीं छोड़ेंगे, पुलिस इसकी तलाश कर रही है।



एनवीडिया सीईओ के 2 अफेयर, महिला कर्मचारी से भी संबंध

अब जेन्सन को पद से हटाने की तैयारी में कंपनी

वॉशिंगटन ● एजेंसी

दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग के दूसरे अफेयर के बारे में भी पता चला है। हुआंग का कंपनी की महिला अधिकारी किम्बर्ली पॉवेल के साथ अफेयर था। किम्बर्ली सीधे जेन्सन हुआंग को रिपोर्ट करती थीं। जेन्सन इससे पहले चीनी महिला एलिस हुआंग के साथ अफेयर की बात कबूल कर चुके हैं।

एलिस पर चीनी जासूस होने का शक है। इस विवाद का असर कंपनी के शेयरों पर भी पड़ा है। कंपनी का मार्केट वैल्यूएशन 27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट चुका है। एनवीडिया अब जेन्सन को सीईओ पद से हटाने की तैयारी कर रही है। गुरुवार को बैठक में इसका फैसला लिया जाएगा।

बम धमकियों के बाद खाली कराए गए इटली के 300 से ज्यादा स्कूल



मेलोनी की कार में भी बम लगाने का दावा

गुरुवार, (एजेंसी)। यूरोप के स्कूलों और संस्थानों को निशाना बनाकर भेजी जा रही धमकी भरी ईमेल्स ने हड़कंप मचा दिया है. इटली के 300 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की फर्जी धमकियां मिलने के बाद खाली कराया गया। इसी तरह के धमकी भरे मैसेज स्कॉटलैंड, उत्तरी आयरलैंड और आयरलैंड गणराज्य के स्कूलों में भी भेजे गए। एक ईमेल में तो ये दावा भी किया गया था कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की कार में बम लगाया गया है।

आज शिवराज की माताजी की त्रयोदशी में पहुंचेंगे कई बड़े नेता

भोपाल, (एजेंसी)। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी की त्रयोदशी का कार्यक्रम आज भोपाल के वृंदावन गार्डन में रखा गया है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ नेता सुवेन्दु अधिकारी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

नवंबर में ही ठंड से कांपने लगा मध्यप्रदेश, पचमढ़ी से ठंडा हुआ इंदौर

भोपाल, (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंचा है। शहडोल के कल्याणपुर में 9.9 डिग्री के साथ सबसे ठंडी रात रही। इंदौर में पारा 12.4 डिग्री दर्ज हुआ, जो पचमढ़ी के 13.2 डिग्री से कम है। उत्तरप्रदेश के 10 शहरों में घना कोहरा छाया हुआ है जबकि राजस्थान में बारिश और हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी के आसार बताए जा रहे हैं।

11 लाख दीयों से जगमगाएगी काशी

वाराणसी, (एजेंसी)। काशी में इस बार देव दीपावली का आयोजन भव्य रूप से होगा। 20 नवंबर से गंगा महोत्सव शुरू होगा, जो 23 नवंबर तक चलेगा। वहीं, 24 नवंबर को घाटों पर 11 लाख से ज्यादा दीप जलाए जाएंगे।

उत्तरप्रदेश में ओवैसी और आजाद का नया मोर्चा

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश में मुस्लिम वोट की राजनीति करने वाली सपा और दलित वोट की राजनीति करने वाली बसपा को इस चुनाव में तगड़ा झटका लग सकता है क्योंकि उ.प्र. में ओवैसी और चन्द्रशेखर आजाद की पार्टियों का नया गठबंधन हो रहा है। इनका यह गठबंधन करीब 150 सीटों पर चुनाव लड़ेगा।

सो रही थी छात्राएं, कोई चोटी काट गया

हैदराबा, (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के एक गुरुकुल स्कूल में आधी रात को कुछ अनजान लोग स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल में घुसे और छात्राओं की चोटी काटकर चले गए। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि स्कूल की ही छात्राओं ने यह शरारत की है।



नकुलनाथ की प्रभावी लॉचिंग के लिए तैयारियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



भोपाल में दो दिन बाद होने वाले मिलन जमावड़े में इंदौर से भी जाएंगे कमलनाथ समर्थक, भोपाल से आ रहे हैं फोन इंदौरी कांग्रेसी समर्थक भी लगा रहे हैं अपने निकट के लोगों को राजधानी चलने के लिए मोबाइल

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ को प्रदेश में कांग्रेस की राजनीति में स्थापित करना चाह रहे हैं। इसी कड़ी में नकुलनाथ के लिए प्रभावी लॉचिंग की तैयारी कर दी गई है। बताया जा रहा है कि खुद कमलनाथ 14 नवम्बर को भोपाल में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होने वाले दीपावली मिलन समारोह में शामिल हो सकते हैं, नकुलनाथ के नाम पर दीपावली मिलन का बड़ा आयोजन भोपाल बंगले पर किया जा रहा है। नाथ के बंगले से ही प्रदेश भर के समर्थकों को फोन लगाए जा रहे हैं, भोजन का निमंत्रण भी दिया जा रहा है। प्रमुख समर्थकों को यह भी कहा गया है कि वे अपने समर्थकों को फोन लगाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग भोपाल पहुंच सके। इंदौर के कमलनाथ समर्थकों ने फोन लगाना भी शुरू कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि कमलनाथ ने इन दिनों राजनीतिक रूप से दूरी बना रखी है। अब वे सही समय पर अपने बेटे को प्रदेश की राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं। इसीलिए राजनीतिक योजनाबद्ध तरीके से यह दीपावली मिलन समारोह प्रदेश भर के समर्थकों के बीच भोपाल में मनाया जाएगा। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि कमलनाथ अपने समर्थकों के बीच राजनीतिक विरासत नकुलनाथ के नाम सौंप सकते हैं। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह दोनों वयोवृद्ध नेता हो चुके हैं, दिग्विजय सिंह इन दिनों धार्मिक यात्रा पर है वे अपने बेटे जयवर्धन सिंह को पहले ही राजनीति में स्थापित कर चुके हैं। यात्रा पूरी करने के बाद दिग्विजय सिंह प्रदेश में अपने बेटे के लिए क्या कदम उठाएंगे वह अभी तय नहीं है, लेकिन कमलनाथ अपने समर्थकों के माध्यम से भोपाल में दो दिन बाद 14 नवम्बर को सुबह से दोपहर तक जमकर ताकत दिखाएंगे और बेटे नकुलनाथ को अपने समर्थकों की मौजूदगी में विरासत सौंपेंगे। इंदौर के कमलनाथ समर्थकों में उत्साह है और एक-दूसरे को फोन भी लगाए जा रहे हैं।

राजनीतिक दलों की बैठक निर्वाचन कार्यालय में दोपहर को होगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ दोपहर 3 बजे से बैठक आयोजित की है। इस बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. के संदर्भित पत्र के माध्यम से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में जो कार्यक्रम जारी किए गए हैं उस पर चर्चा होगी। आज से निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया जा रहा है। इसी मुद्दे पर चर्चा होगी। यह बैठक आज दोपहर 3 बजे कलेक्टर सभागृह के 102 कक्ष में आयोजित की जाएगी।

कांग्रेस नेत्री बौरासी ने किया मिलन आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने अपनी विधानसभा क्षेत्र में दीपावली मिलन का आयोजन किया। बडी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। जीतू पटेल ने उक्त जानकारी दी।



दिग्विजयसिंह की यात्रा में कई कांग्रेसी हुई शामिल

प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने भी राजा के साथ चलाए कदमचाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने उज्जैन से अयोध्या तक 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' शुरू की है। यात्रा को दीपावली के कारण कुछ दिनों का विश्राम दिया गया था। कल यह यात्रा दिग्विजय सिंह के गृह क्षेत्र राघौगढ़ से फिर शुरू हुई तो प्रदेश भर के कई कांग्रेसी राघौगढ़ पहुंचे उसमें इंदौर के कई कांग्रेसी भी शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी कल फिर से शुरू हुई यात्रा में राजा के साथ उनकी धार्मिक यात्रा में कदमचाल मिलाए और काफी देर तक यात्रा में रूके रहे। इंदौर से भी कई कांग्रेसी राजा की इस यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। अभी कुछ दिन दिग्गी की यात्रा म.प्र. में और रहेगी, फिर यह यात्रा उ.प्र. में प्रवेश करेगी। दिग्गी जब तक म.प्र. में रहेंगे तब तक प्रदेश कांग्रेस नेता शामिल होते रहेंगे। यात्रा ग्वालियर के बाद उ.प्र. की ओर कूच करेगी। उ.प्र. में यात्रा के प्रवेश के दौरान कई कांग्रेस के बड़े नेता भी इस यात्रा में शामिल होंगे। मिली जानकारी के अनुसार उ.प्र. के कई राजपूत समाज संगठन के पदाधिकारी और सदस्य भी यात्रा में शामिल होंगे। भगवान श्रीराम का मंदिर अयोध्या में हैं और उ.प्र. प्रवेश से लेकर अयोध्या तक इस यात्रा को बड़ा रूप देने की कोशिश की गई है। इस समय अयोध्या मंदिर के पुजारी भी नाराज बताए जा रहे हैं। दिग्विजय सिंह को मैनेजमेंट का गुरु माना जाता है। ऐसे में उ.प्र. में इस यात्रा को अच्छे समर्थन की उम्मीद जताई जा रही है। इस यात्रा से उ.प्र. के आगामी चुनाव में कांग्रेस को फायदा हो इससे भी जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस ने इस यात्रा की उ.प्र. के लिए अच्छी तैयारी की है। इसीलिए कांग्रेस के कई बड़े नेता उ.प्र. यात्रा के दौरान अलग-अलग दिन अलग-अलग जगह शामिल होंगे।

मतदाता सूची में एक माह तक चलेगा पुनरीक्षण

कांग्रेस संगठन ने जारी किया कांग्रेसियों को पत्र बूथ स्तर पर देखें मतदाता का नाम छूटा तो नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

निर्वाचन कार्यालय ने आज राजनीतिक दलों की दोपहर 3 बजे एक माह तक चलने वाले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक बुलाई है। निर्वाचन के पत्र के बाद शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने भी अध्यक्ष चिन्टू चौकसे के आग्रह के साथ सभी कांग्रेसियों को पत्र जारी किया। खासतौर से ब्लॉक और मंडलम अध्यक्ष और मंडलम के प्रभारी, महिला प्रभारी और कार्यकर्ताओं को पत्र भेजे कि आज 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर एक माह तक मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शुरू हो चुका है। सभी कांग्रेसी अपने-अपने बूथ स्तर पर देखें कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम किसी कारण से मतदाता सूची में छूट गए हैं और जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष हो चुकी है उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाया जाए। सबसे पहले कांग्रेसी अपने परिवार के नाम मतदाता सूची में जांच लें और अड़ोस-पड़ोस के साथ अपने मोहल्ले के नाम भी चेक कर लेवे कि उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं है। किसी पात्र मतदाता का नाम हटाया तो नहीं गया है या नाम में, उपनाम में, छायाचित्र में कोई त्रुटि हो तो उसे सुधरवाया जाए। नाम छूटने, जुड़वाने और त्रुटि के लिए तत्काल संबंधित से आवेदन फार्म भरवाए। पत्र में लिखा है कि मतदाता सूची में नाम होना लोकतांत्रित अधिकार है। इसलिए दैनिक कार्यों के साथ थोड़ा-सा समय कांग्रेसी निकालकर अपने मतदान केन्द्र पर अवश्य जाए और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और सुधार कार्य करवाने का कार्य समयसीमा में करें।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री पटेल कर रहे है मीडिया से चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्रसिंह पटेल, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह चौहान जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के सन्दर्भ में पत्रकारों से चर्चा भाजपा कार्यालय में कर रहे है। उक्त जानकारी आलोक दुबे, वरुण पाल ने दी।

15 करोड़ वाली सड़क का भूमिपूजन और लोकार्पण होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांवेर विधानसभा के ग्राम कांकरिया बोर्डिया में लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित 10 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण आयोजन किया जाएगा। राजपूत समाज धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्य से सीधा सिंहस्थ में ग्रामीणों को अच्छी यात्रा का लाभ मिलेगा। जनप्रतिनिधि, अधिकारी, रहवासी मौजूद रहेंगे।

पूर्व विधायक ने लिखा पुलिस कमिश्नर को पत्र

मादक पदार्थ की अवैध बिक्री पर लगे रोक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पुर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को पत्र लिखा जिसमें बाणगंगा थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई है। आकाश विजयवर्गीय ने लिखा कि उनके पास बाणगंगा थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की बहुत ज्यादा शिकायतें आ रही है। जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद इस पर रोक नहीं लग पा रही है। विजयवर्गीय ने कहा कि इस मामले में जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाए जिससे मादक पदार्थों की अवैध बिकी पर रोक लग सके।



कांग्रेस नेता भागीरथपुरा के रहवासियों को लेकर महापौर के समक्ष विरोध जताने पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





विधानसभा 1 के वार्ड 11 भागीरथपुरा से आगामी निगम में कांग्रेस की ओर से दावेदारी जता रहे दीपक मलोरिया रानू लगातार भागीरथपुरा दूषित पानी के मुद्दे पर सक्रिय है और लोगों की आवाज भी उठा रहे हैं। आज भागीरथपुरा के रहवासियों ने कहा कि भागीरथपुरा के दूषित जल ने ही इंदौर का नम्बर-1 ताज छीना है जो निगम की कमी का नतीजा है। भागीरथपुरा के रहवासियों को साथ लेकर कांग्रेस नेता दीपक मलोरिया रानू आज विमानतल पहुंचे, जहां एक तरफ भाजपाई महापौर पुष्यमित्र भार्गव के स्वागत के लिए खड़े थे और दूसरी तरफ कांग्रेसी भागीरथपुरा मुद्दे पर विरोध जताने रहवासियों के साथ पहुंच गए थे। विधानसभा 1 से जुड़े कांग्रेस नेता गजेन्द्र वर्मा भी मौजूद रहे। कई रहवासी बोले कि महापौर का स्वागत गलत हो रहा है, इंदौर क़ा ताज छीना गया है, जबकि स्वच्छता मुद्दे में देपालपुर को जगह मिली है। इधर एरोड्रम थाना की पुलिस भी पहुंच गई थी और उन्होंने रहवासियों व कांग्रेसियों को विमानतल पर विरोध के दौरान हटाया और कांग्रेस नेता दीपक मलोरिया रानू को थाना पर बैठा दिया। कांग्रेस नेता गजेन्द्र वर्मा और अन्य कांग्रेसी व रहवासी भी थाना पहुंच गए थे। पुलिस ने कहा कि हम कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। महापौर के जाने के बाद दीपक मलोरिया रानू को छोड़ दिया जाएगा। आखिरकार महापौर के जाने के बाद रानू मलोरिया को छोड़ भी दिया गया। आज रहवासी और कांग्रेसी विमानतल पर पोस्टर हाथ में लेकर दूषित हादसे का विरोध जताने पहुंचे थे और मांग कर रहे थे कि दूषित जल से जान गंवाने वाले परिवार के साथ इंसाफ किया जाए। दूसरी तरफ भाजपाई भी खड़े थे, लेकिन उन्होंने चुप्पी साधे रखी। रहवासियों का कहना है कि वे महापौर को पोस्टर दिखाकर अपनी मांग जताना चाहते थे इसमें गलत क्या था।

पहले ही पहुंच गई पुलिस ने कांग्रेस नेता रानू मलोरिया को बैठाया थाना में, महापौर के जाने के बाद छोड़ दिया

महापौर का एनजीओ टीम ने एक जैसी वेशभूषा में ढोल बजाकर किया स्वागत

महापौर परिषद के सदस्य और पार्षद के अलावा गिनती के अधिकारी पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





आज सुबह विमानतल पर स्वच्छता सर्वेक्षण का अवार्ड दिल्ली से लेकर इंदौर लौटे महापौर पुष्यमित्र भार्गव के स्वागत के लिए निगम से अनुबंधित एनजीओ के सदस्य एक जैसी वेशभूषा में विमानतल पर पहुंचे, वे ढोल-धमाके लेकर आए थे और महापौर का स्वागत भी उन्होंने किया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा, निरंजनसिंह चौहान, नन्दकिशोर पहाड़िया, महेश बसवाल, योगेश गेंदर, राजीव जैन, मनोज मिश्रा सहित कुछ पार्षद ही पहुंचे थे। महापौर को स्वागत में दुपट्टे भी पहनाए गए। महापौर स्वागत के बाद खुली जीप में सवार होकर रवाना हो गए। महापौर ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में हमारी सफलता कायम है, यह कहना गलत है कि इंदौर नंबर दो हो गया है। हम आज भी नंबर-1 ही है, हमने देपालपुर को अपना जोड़ीदार बनाया था। देपालपुर को हम दूसरे स्थान तक लेकर आ गए हैं। पूरे देश में इंदौर को सबसे ज्यादा नंबर मिले हैं। महापौर विमानतल से खुली जीप में सवार हुए,एयरपोर्ट के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। खुली जीप में महापौर एयरपोर्ट थाना तक पहुंचे और वहां से वे कार में बैठकर रवाना हो गए।

भाजपाइयों ने कांग्रेस प्रवक्ता के पीटने का वीडियो जमकर चलाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एक भाजपा नेता ने तो पटवारी और चौकसे से हार्डिया को पद से हटाने की मांग भी कर डाली, 150 रु. रोज देने का भी किया बयान जारी



कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया अपने भांजे का स्वास्थ्य जानने अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान बहन और उनके जेठ भी वहां मौजूद थे। उस दौरान हार्डिया का विवाद बहन के जेठ से हो गया था। विवाद इतना बढ़ा था कि हार्डिया ने बहन के जेठ की अस्पताल में ही पिटाई कर दी थी और मामला राजेन्द्र नगर थाना में लोकेश हार्डिया के खिलाफ दर्ज भी हुआ। कल से भाजपाइयों ने लोकेश हार्डिया की मारपीट का वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर चलाया। भाजपा नेताओं ने भी इस मामले में बयान भी जारी किए। विधानसभा 3 से जुड़े भाजपा नेता विनोद खंडेलवाल ने भी बयान जारी कर लोकेश हार्डिया पर जमकर कमेंट्स किए उन्होंने सूत्रों और जारी वीडियो का हवाला कई बार दिया और यहां तक कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे को चाहिए कि वे लोकेश हार्डिया को प्रवक्ता पद से तत्काल बर्खास्त करें। खंडेलवाल ने यहां तक कहा कि शहर कांग्रेस से लोकेश हार्डिया को 150 रु. रोज मिलते हैं और वे इसमें से 100 रु. घर पर देते हैं और 50 रु. से क्वार्टर खरीद लेते हैं और भी कई बातें अपनी वीडियो बयान में विनोद खंडेलवाल ने लोकेश हार्डिया पर की।

सीबीएसई 12वीं एवं 10वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 16 फरवरी से शुरू होगी

12वीं की परीक्षाएं 9 अप्रैल तक और 10वीं की 9 मार्च तक चलेगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सीबीएसई बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा का वार्षिक टाइम टेबल जारी कर सभी स्कूलों को भेज दिया। इस बार 12वीं एवं 10वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं जल्द शुरू होगी। 16 फरवरी से यह परीक्षाएं शुरू होगी। 12वीं की परीक्षाएं 121 विषय के लिए शुरू होगी और 9 अप्रैल तक यह परीक्षाएं चलेगी। वहीं 10वीं की वार्षिक परीक्षाएं 83 विषयों के साथ शुरू होगी और यह परीक्षाएं 9 मार्च तक चलेगी। 12वीं कक्षा के लिए देश भर के 19.8 लाख विद्यार्थी और 10वीं के लिए 26.5 लाख विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन बोर्ड परीक्षा के लिए हुआ है। इंदौर में भी यह टाइम टेबल जारी हुआ, तो स्कूलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। जनवरी में प्रेक्टिकल परीक्षाएं भी शुरू हो जाएगी, जो फरवरी तक जारी रहेगी। इसके लिए भी अलग-अलग आब्जर्वर और एक्सट्रनल भी स्कूलों में आएंगे और प्रेक्टिकल कंडक्ट कराएंगे।

पार्षद और पत्रकार को शोक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पार्षद मीता राठौर की बड़ी सास, रामबाबू राठौर की बड़ी माताजी और पत्रकार राजेश राठौर की माताजी सुशीलादेवी राठौर का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा विश्वकर्मा नगर से पंचकुइया मुक्तिधाम पहुंची जहां भाजपा नेता, मीडिया कर्मी और राठौर समाजजनों के अलावा रहवासियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।





भाजपा नेता ने हरी मिर्ची हाथ में लेकर कांग्रेसियों को लपेटा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे के करीबी माने जाने वाले भाजपा नेता ऋषि खनूजा ने मिर्ची हाथ में लेकर वीडियो के माध्यम से बयान जारी किया और राहुल गांधी पर कमेंट्स भी किया और कहा कि पप्पू के पप्पू को भाजपा के बयान पर इतनी मिर्ची क्यों लगती है।

कांग्रेस नेता ने दिग्विजय सिंह को नौजवान बताया



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पूर्व में नर्मदा यात्रा की थी और अब वे अयोध्या तक की पैदल यात्रा कर रहे हैं। कल वे राघौगढ़ से फिर यात्रा पर रवाना हुए तो उनके कट्टर समर्थक राजेश शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह 79 साल के है वे अभी भी 21 साल जैसे युवा का काम कर रहे हैं। दिग्विजय सिंह 100 वर्ष की आयु वेदों के अनुसार पूरी करेंगे। शर्मा ने कहा कि उनकी धार्मिक यात्रा पैदल यात्रा नहीं बल्कि आस्था, संकल्प और सद्भावना का संदेश की यह यात्रा हो रही है। दिग्विजय सिंह के कदम ना रूके हैं, ना रूकेंगे, उनकी उड़ान जारी रहेगी।

इंदौर ने खो दिया गौरव का ताज

पूरे देश में स्वच्छता में अव्वल होने के लिए पहचाना जाता था, अब यह पहचान हाथ से गई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भारत सरकार द्वारा कल घोषित किए गए स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम के साथ ही इंदौर ने गौरव का ताज खो दिया है। इंदौर को अब तक स्वच्छता में अव्वल होने के लिए पहचाना जाता था। अब इंदौर के हाथ से यह पहचान भी चली गई है।

पिछले 10 साल में इंदौर की पहचान देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में ही बनकर तैयार हुई थी। इस पहचान पर संकट के बादल तो उस समय से ही मंडराने लगे थे जब सूरत हमें बराबरी से टक्कर दे रहा था। इसके बाद भी इंदौर ने अपने मुकाम को कायम रखा था। बाद में यह स्थिति बन गई थी कि इंदौर को स्वच्छता का ताज सूरत के साथ शेयर करना पड़ा था। सूरत तो अभी भी देश के दूसरे नंबर का सबसे स्वच्छ शहर है लेकिन हम पहले नंबर पर नहीं रह सके। कल भारत सरकार के द्वारा दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किए गए कार्यक्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणामों की घोषणा के साथ ही अलंकरण का समारोह हुआ।

इस आयोजन में पहली बार स्वच्छ शहर जोड़ी श्रेणी शामिल की गई। इस श्रेणी में पहले स्थान पर अहमदाबाद सानंद की जोड़ी रही जबकि दूसरे स्थान पर इंदौर देपालपुर की जोड़ी आई। भारत सरकार के द्वारा सभी अच्छी स्वच्छता वाले शहरों को कहा गया था कि वह अपने आसपास के एक शहर का चुनाव चयन कर ले और उस शहर को भी स्वच्छ बनाने का काम करें। इसमें इंदौर ने मात्र 20 हजार की आबादी वाले शहर देपालपुर का चयन किया जबकि अहमदाबाद ने 2 लाख की आबादी वाले साणंद का चयन किया। निश्चित तौर पर 20 हजार की आबादी वाले शहर में काम करने और 2 लाख की आबादी वाले शहर में काम करने में एक बड़ा अंतर आ जाता है। इस अंतर का लाभ अहमदाबाद को मिला और वह इस नई श्रेणी में नंबर एक पर पहुंच गया। इंदौर को 20 हजार वाले शहर को स्वच्छ बनाने का कोई विशेष लाभ नहीं मिल सका। इंदौर इस नई श्रेणी में दूसरे नंबर पर होने के आधार पर खुश हो सकता है लेकिन यह कोई उपलब्धि नहीं है। अब तक कहां जा रहा था कि सुपर लीग में शामिल किए गए शहरों को कोई रैंकिंग नहीं दी जाएगी। इस परंपरा को तोड़ते हुए कल भारत सरकार में सुपर लीग के शहरों में भी नंबर 1, 2, 3 घोषित कर दिया और इसमें इंदौर का नाम कहीं नजर नहीं आया।

स्वच्छता सर्वेक्षण की अंक तालिका जारी करेगी भारत सरकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की अंक तालिका जारी की जाएगी। यह अंक तालिका दो हिस्सों में अगले एक-दो दिन के अंदर जारी करने की तैयारी है। इस अंक तालिका के जारी होने से सारा संशय दूर हो जाएगा। अभी सुपर लीग में शामिल कई शहरों को अपने अंक को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही है।

दो हिस्सों में अंक तालिका जारी होगी, दूर हो जाएगा संशय

हमेशा तो भारत सरकार जब स्वच्छता सर्वेक्षण के पुरस्कार का वितरण करती है तो उसी समय पर स्वच्छता सर्वेक्षण में विभिन्न श्रेणियां में विभिन्न शहरों को प्राप्त अंकों की तालिका भी जारी कर दी जाती है। इससे सारी स्थिति स्पष्ट रहती है और यह मालूम पड़ जाता है कि किस शहर को इस सर्वेक्षण में कितने अंक प्राप्त हुए हैं। अंक तालिका से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि कोई शहर यदि पिछड गया है तो वह कौन से काम में पिछड़ा है। इस बार पहली बार ऐसा हुआ है जब भारत सरकार के द्वारा कार्यक्रम के दौरान अंक तालिका का प्रदर्शन नहीं किया गया और बाद में भी अंक तालिका जारी नहीं की गई।

स्वच्छता सर्वेक्षण के पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लेने के लिए पहुंचे कुछ शहरों के द्वारा जब कल शहरी विकास मंत्रालय के स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों के समक्ष अंक तालिका जारी करने के बारे में चर्चा की गई तो उन्हे कहा गया है कि एक-दो दिन में अंक तालिका जारी हो जाएगी। यह अंक तालिका दो अलग-अलग हिस्से में जारी की जाएगी। शहर की आबादी के हिसाब से अंक तालिका को तैयार किया गया है। इस अंक तालिका के जारी हो जाने से इस सर्वेक्षण में कौन से शहर ने कितने अंको के साथ किस तरह की उपलब्धि हासिल की है यह स्पष्ट हो सकेगा। अब इंदौर सहित बहुत से शहरों को अंक तालिका के जारी होने का इंतजार है।





आलू-प्याज के मुहूर्त में किए व्यापारियों ने सौदे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चोइथराम आलू-प्याज मंडी में आज सुबह दीपावली के बाद फिर से कामकाज मुहूर्त में शुरू हुआ। पहले पूजन किया गया और फिर मुहूर्त के सौदे शुरू हुए, किसान भी बड़ी संख्या में आलू और प्याज आज लेकर पहुंचे थे।

कल रात में तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, पचमढ़ी से भी 1 डिग्री कम हुआ दर्ज

इंदौर में तेज ठंड की शुरुआत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में कल रात को तेज ठंड की शुरुआत हो गई है। कल रात में इंदौर का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह तापमान सामान्य तापमान से 4 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों की तुलना में इंदौर में ठंडक ज्यादा हो गई है।

मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कल रात को इंदौर का तापमान पचमढ़ी से भी ज्यादा कम हो गया था। पचमणी में तापमान 12 डिग्री के आसपास चल रहा था जबकि इंदौर का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। इंदौर के तापमान के अचानक ही इतना कम होने के साथ करीब 9 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा भी चल रही थी। इन दोनों स्थितियों के चलते हुए कल रात में इंदौर में नागरिकों को ठंड का एहसास हो रहा था।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में इंदौर का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर आ जाएगा। इसके बाद इंदौर में कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू होगी। अभी तो ठंड पड़ने के लक्षण दिखने की शुरुआत हुई है। वैसे तो यह माना जा रहा है कि इस साल इंदौर में बारिश कम होने के कारण ठंड भी कम पड़ेगी और ठंड के मौसम में भी लोगों को गर्मी का एहसास होता रहेगा। इस मान्यता को मौसम विभाग के जानने वाले भी आंशिक रूप से ही सही लेकिन मानते जरूर है।



छावनी अनाज मंडी में मुहूर्त के सौदे शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छावनी अनाज मंडी आज फिर से पूजन के बाद मुहूर्त के सौदों के साथ शुरू हुई। बड़ी संख्या में किसान वाहनों के साथ अनाज लेकर पहुंचे थे। व्यापारी भी किसानों की आवक देखकर खुश हुए।

निगम ने टैक्स के मैसेज भेजना शुरू किए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम ने एडवांस टैक्स भरवाने की प्रक्रिया पूरी की थी और जिन लोगों ने एडवांस टैक्स नहीं भरे अब उन्हें 31 दिसम्बर तक नगर निगम का टैक्स सम्पत्तिकर, जलकर भरना है। नगर निगम ने इसके लिए अब राजस्व जमा कराने का अभियान शुरू कर दिया है। कल से ही निगम ने झोन अनुसार खाताधारकों को मैसेज मोबाइल पर भेजना शुरू कर दिए हैं, जिससे लोग बकाया टैक्स भर सके।



स्काउट गाइड ने निकाली जागरूकता रैली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्काउट गाइड ने आज राजवाड़ा पर सुबह नशामुक्ति और यातायात जागरूकता का संदेश देते हुए रैली निकाली। यह रैली राजवाड़ा से शुरू होकर एमजी रोड होते हुए रामबाग से चिमनबाग मुख्यालय पहुंची।

प्लाट का कब्जा मांगने गए परिवार को मिली गालियों के साथ धमकी

जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के बाद पुलिस में शिकायत और प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बाणगंगा थाना क्षेत्र की नंदबाग कॉलोनी में प्लॉट का कब्जा मांगने गए एक परिवार के साथ मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के सेक्टर-ए, नंदबाग कॉलोनी की है। फरियादी अनुराग पिता सुनील बौरासी, निवासी मुखर्जी नगर, बाणगंगा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी जसराज मेहता निवासी शंकर बाग कॉलोनी ने उनके मामाजी और मौसी को तो प्लॉट का कब्जा दे दिया था, लेकिन उसकी मां हेमलता के नाम के प्लॉट प्लांट क्रमांक 219, गली नंबर 07, नंदबाग कॉलोनी का कब्जा नहीं दिया था। इसी सिलसिले में गत दिनों अनुराग, अपनी मां हेमलता और पिता सुनील बौरासी के साथ प्लॉट का कब्जा लेने के लिए नंदबाग स्थित जसराज मेहता के ऑफिस गए थे। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी जसराज मेहता ने उन्हें ऑफिस से बाहर भगा दिया और बाहर आकर गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उनकी जाति का अपमान करते हुए कहा कि तुम लोग नीची जाति के हो... प्लॉट का कब्जा मांगने मेरे ऑफिस आए, तो तुम लोगों को जान से खत्म कर दूंगा।

बैंक खाते का दुरुपयोग करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले 'म्यूल अकाउंट' का पर्दाफाश

तुकोगंज थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड और अवैध वित्तीय गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक म्यूल अकाउंट के जरिए साइबर अपराध को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में खाताधारक सहित तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनके बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। तुकोगंज थाना पुलिस के अनुसार, यह पूरा मामला आरएनटी मार्ग स्थित इंडियन बैंक की शाखा श्रीवर्धन कॉम्प्लेक्स, जी-1, ग्राउंड फ्लोर से जुड़ा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया कि इस बैंक शाखा में खाताधारक हरेन्द्रसिंह पटेल निवासी नंदबाग कॉलोनी के खाते का उपयोग साइबर अपराध और धोखाधड़ी के मामलों में 'म्यूल अकाउंट' के रूप में किया जा रहा था। इस अवैध नेटवर्क में उसके दो अन्य साथी अमित जायसवाल निवासी जयराज नगर और सुमित कुशवाह निवासी भगत सिंह नगर, बाणगंगा भी सक्रिय रूप से संलिप्त पाए गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों हरेन्द्र सिंह पटेल, अमित जायसवाल और सुमित कुशवाह को हिरासत में ले लिया है। तुकोगंज पुलिस अब इनसे गहन पूछताछ कर रही है कि इस म्यूल अकाउंट के जरिए अब तक कितने पैसों का ट्रांजैक्शन किया गया है और इस साइबर फ्रॉड सिंडिकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

योग निद्रा से उठेंगे भगवान विष्णु, फिर गूंजेंगी शहनाइयां

20 को देवउठनी एकादशी से शुरू होंगे मांगलिक कार्यक्रम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चातुर्मास के समापन के साथ ही एक बार फिर मांगलिक कार्यों की शुरुआत होने वाली है। 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के अवसर पर सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु चार माह की योगनिद्रा से जागेंगे। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुवात होगी।

विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और यज्ञोपवीत जैसे सभी शुभ व मांगलिक कार्यों पर लगा विराम हट जाएगा और शहर सहित पूरे अंचल में शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। शादी-ब्याह का सीजन शुरू होने को लेकर बाजारों में भी खासा उत्साह



देखने को मिल रहा है। सराफा, कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में खरीदारी के लिए ग्राहकों की चहल-पहल बढ़ गई है। वहीं, मैरिज गार्डन, होटल, कैटरिंग, बैंड-बाजा,इवेंट और टेंट संचालकों के पास भी आगामी मुहूर्तों के लिए बुकिंग का दौर जोरों पर है। ज्योतिष के अनुसार नवंबर महीने में विवाह के लिए 21, 22, 24, 25, 26 और 30 नवंबर को शुभ मुहूर्त हैं. वहीं दिसंबर महीने में 2, 3, 4, 5, 6,7,8 11 और 12 दिसंबर को शादी-विवाह के लिए शुभ तिथियां बन रही हैं। यानी नवंबर और दिसंबर को मिलाकर साल 2026 में विवाह के सिर्फ 15 लग्न ही शेष हैं। इसके बाद सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे, जिसे खरमास की शुरुआत माना जाता है। खरमास के दौरान शादी-विवाह समेत कई मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। इसके बाद पौष महीना समाप्त होने पर ही फिर से विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होंगे।

तुलसी-शालिग्राम विवाह की रहेगी धूम

देवउठनी एकादशी के दिन घर-घर और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ तुलसी-शालिग्राम विवाह के आयोजन होंगे। गन्ने के मंडप सजाकर भगवान विष्णु का आह्वान किया जाएगा और तुलसी विवाह किया जाएगा। दीपदान कर सुख-समृद्धि की कामना भी की जाएगी।

इंदौर की ब्रांडिंग और निवेश को झटका स्वच्छता पर इंदौर की बादशाहत हुई खत्म

आईटी और स्टार्टअप एक्सपर्ट बोले अब पहले जैसी बात नहीं रहेगी, हमें बढ़ते इंदौर के लिए स्वच्छता इंफ्रास्ट्रक्चर करना होगा खड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सात साल तक देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम रखने वाले इंदौर की स्वच्छता की बादशाहत अब खत्म हो गई है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के बुधवार को घोषित परिणामों में इंदौर को बड़ा झटका लगा है। शहर अब न तो स्वच्छता सुपर लीग का हिस्सा है और न ही देश के सबसे स्वच्छ शहर की श्रेणी में अपनी पुरानी पहचान बरकरार रख पाया है। हालांकि, इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में पुरस्कार हासिल करने का सिलसिला बनाए रखा है, लेकिन सबसे बड़े तमगे से बाहर होना शहर की ब्रांडिंग और निवेश की संभावनाओं के लिहाज से नुकसानदायक माना जा रहा है।

इंदौर की पहचान केवल साफ सड़कों और कचरा प्रबंधन तक सीमित नहीं रही। देशभर में निवेशकों के सामने शहर की सबसे बड़ी उपलब्धि स्वच्छता ही होती थी। इन्वेस्टर समिट से लेकर औद्योगिक और तकनीकी आयोजनों तक इंदौर को सबसे स्वच्छ शहर के रूप में प्रस्तुत किया जाता था। इसका असर निवेशकों के भरोसे और शहर की छवि पर भी पड़ता था।

निवेशकों के सामने कमजोर होगी ब्रांडिंग

बीते दिनों इंदौर में सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों और अर्बन कॉन्क्लेव जैसे बड़े आयोजन हुए। इनमें बेंगलुरु, नोएडा, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे से आए विशेषज्ञों ने शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश की संभावनाओं में रुचि दिखाई। ऐसे आयोजनों में इंदौर की स्वच्छता उसकी सबसे बड़ी ताकत के रूप में सामने आती रही है। अब इस उपलब्धि से बाहर होने का असर शहर की ब्रांडिंग पर पड़ सकता है। उनका कहना है कि इस बार पुरस्कारों का क्रम तो बरकरार रहा, लेकिन सुपर स्वच्छता लीग और सबसे स्वच्छ शहर की श्रेणी से बाहर होना निराशाजनक है। शहर का विकास जारी है, लेकिन बढ़ते विस्तार के साथ सफाई के संसाधन और मैनेजमेंट भी बढ़ाने होंगे। इंदौर दोबारा अपना मुकाम हासिल कर सकता है, लेकिन तब तक ब्रांडिंग और निवेश पर असर दिखाई दे सकता है। वहीं अब इंदौर के सामने चुनौती सिर्फ पुरस्कार वापस पाने की नहीं, बल्कि अपनी उस पहचान को बचाने की है, जिसने उसे देश के दूसरे शहरों के लिए स्वच्छता का मॉडल बनाया था।

इंदौर के सामने अब पांच बड़ी चुनौतियां

1. ब्रांडिंग को झटकाः सबसे स्वच्छ शहर का तमगा नहीं रहेगा।
2. निवेशकों का भरोसाः शहर की पुरानी पहचान कमजोर होगी।
3. सफाई का विस्तारः बढ़ती आबादी के अनुपात में संसाधन बढ़ाने होंगे।
4. मैदानी निगरानीः कचरा, खाली प्लॉट और अव्यवस्थाओं पर सख्ती जरूरी।
5. 2016 जैसी मेहनतः सफाई व्यवस्था और प्रबंधन में फिर बड़े बदलाव करने होंगे।

दीपावली के पांच दिनों में उपयोग में आई सवा 4 करोड़ यूनिट बिजली

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दीपावली का पांच दिनी त्योहार के अन्तर्गत पहले दो दिन यानी तेरस चौदस को दोनों दिन मिलाकर करीब दो करोड़ यूनिट बिजली वितरण हुआ है। शेष तीन दिन में करीब सवा दो करोड़ यूनिट बिजली वितरण हुआ।इस बार पांच दिनी दीपोत्सव में बिजली की मांग में बढ़त की स्थिति रही। तुलनात्मक रूप से ज्यादा मांग धनतेरस के दिन दर्ज हुई हैं। इसका कारण धनतेरस पर सभी घरों, दुकानों, उद्योगों, शासकीय कार्यालयों, खेतों में बिजली की खपत



का होना रहा। जबकि दीपावली के दिन यानि अमावस को खेत का काम लगभग खत्म होने, करीब 98 प्रतिशत कारखाने बंद होने, सभी शैक्षणिक, सरकारी, प्रायवेट संस्थाएं बंद होने से कुल बिजली मांग व खपत दीपावली के दिन अन्य दिनों की तुलना में आंशिक रूप से कम दर्ज हुई है। शहर में वर्तमान में आठ लाख दस हजार से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। दीपावली के पांचों दिन मिलाकर सवा चार करोड़ यूनिट यूनिट की खपत रही, वहीं कुछ समय बिजली की अधिकतम मांग भी तुलनात्मक रूप से ज्यादा रही। दीपावली पर विशेष रूप से की जाने वाली रोशनी पर ही करीब तीन से चार करोड़ की बिजली लगी। दीपावली मुख्य दिवस यानी रविवार को करीब 60 इंजीनियर समेत 800 कार्मिकों द्वारा बिजली सेवाएं प्रदान की गई। स्काडा सिस्टम से आपूर्ति पर निगाह रखी गई।

पुलिस के मध्यस्थता केन्द्र से हो रहा है निराकरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट का सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र आम नागरिकों के लिए राहत का प्रभावी मंच साबित हो रहा है।अब तक 148 प्रकरणों का निराकरण कर 8 करोड़ 04 लाख 25 हजार 143 रुपये की राशि आवेदकों को वापस दिलवाकर आपसी विवादों का समाधान करवाया। प्राप्त 1168 आवेदन पत्रों में से 87 प्रतिशत से अधिक का निराकरण की बात भी बताई गई। सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में प्रत्येक सप्ताह सोमवार, मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को प्रशिक्षित मध्यस्थता अधिकारियों द्वारा प्रकरणों की सुनवाई की जाती है। यहां पारिवारिक वाद-विवाद, पति-पत्नी एवं अन्य पारिवारिक विवाद, रुपये-पैसों के आपसी लेन-देन, व्यापारिक लेन-देन, पड़ोसियों के विवाद, छोटे-मोटे संपत्ति विवाद, मकान मालिक-किराएदार के विवाद एवं अन्य सामान्य सिविल प्रकृति के मामलों को आपसी सामंजस्य से सुलझाने के प्रयास किए जाते हैं।

छठ पूजा के लिए तैयार किए जा रहे हैं जल कुण्ड,सफाई भी हो रही है

सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग







इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। छठ पूजा एकदम समीप आ गई है। इन्दौर में 150 से अधिक स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन होगा। कल 13 नवम्बर से आयोजन की शुरुआत नहाय-खाय से होगी। यह छठ पूजा का आयोजन चार दिनों तक चलेगा। अलग-अलग दिन आयोजन होंगे। 15 नवंबर को अस्ताचलगामी और 16 नवंबर को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य व्रती देंगे। इस आयोजन को लेकर बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश, पूर्वांचल के हजारों परिवार तैयारियों में जुटे हुए है। घाटों की सफाई भी की जा रही है। अस्थायी कुण्ड भी तैयार किए जा रहे है। कुल मिलाकर तैयारियां अंतिम दौर में है। पूजा वेदियों के निर्माण, घाटों की सजावट, रोशनी और सुरक्षा के इंतजाम भी किए जा रहे हैं। कल नहाय-खाय के बाद 14 नवंबर, शनिवार को खरना का व्रत रखा जाएगा। खरना के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू करेंगे। 15 नवंबर, रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जबकि 16 नवंबर, सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा। घरों में पारंपरिक छठ गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। बाजारों में भी सूप, दउरा, फल, नारियल, गन्ना और पूजा की अन्य सामग्री की खरीदारी शुरू हो गई है।घाटों पर रंग-रोगन, सजावट, प्रकाश व्यवस्था, सफाई आयोजन हो रहे है। इसके लिए अलग-अलग समितियां बनाकर जिम्मेदारी सौपी गई है। पूजा वेदी का निर्माण का दौर भी सभी जगह अंतिम दौर में है। लगतार अच्छे स्थायी घाट की मांग भी की जा रही है और जहां घाट है उनके विस्तार की मांग भी की जा रही है। स्थायी और बडे घाट नहीं होने से कृत्रिम रूप से बनाए गए जलकुंडों में पूजा करनी पड़ती है। यह व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए असुविधाजनक है। इधर कुछ समितियों ने मुख्यमंत्री और महापौर को भी पत्र लिखे है और इसमें लिखा है कि डेढ़ साल पहले प्रमुख तालाब और स्थायी घाट विकसित करने की घोषणा की गई थी जिस पर काम नहीं हुआ है। बिहार दिवस 22 मार्च 2025 को इंदौर के तीन तालाबों पर छठ पूजा के लिए स्थायी घाट विकसित करने की घोषणा की थी। इसके बाद आईडीए के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में सुपर कॉरिडोर के समीप स्थित तिगरिया बादशाह तालाब के सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण और छठ घाट निर्माण के लिए प्रावधान किया गया था। हालांकि, परियोजना की प्रगति और निर्माण शुरू होने की समयसीमा को लेकर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। वहीं संस्था पदाधिकारी और समाजजनों ने मध्य प्रदेश सरकार से छठ महापर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है।



उज्जैन सिंहस्थ के लिए भूमि का अवलोकन किया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अभा अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री हरि अग्रवाल ने बताया कि रामस्नेही संप्रदाय के स्वामित्व की उज्जैन के बडनगर रोड पर स्थित भूमि पर सिंहस्थ में चिकित्सा एवं अन्नक्षेत्र सहित विभिन्न सेवा प्रकल्प चलाए जाएँगे। रामस्नेही सम्प्रदाय की जमीन का अवलोकन करने जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज उज्जैन पहुंचे तो उनका सम्मान सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने किया। हरि अग्रवाल, मुकेश कचोलिया, अशोक गोयल, शैलेन्द्र मित्तल, ललिता मित्तल सहित अन्य मौजूद थे।

संस्था अग्रमंच करेगी आदरांजलि सभा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था अग्र मंच के आशीष गोयल ने बताया कि समाजसेवी रमेशचंद्र अग्रवाल की जन्म जयंती 30 नवम्बर को शाम 4 बजे से सेवा सदन, नौलखा कांप्लेक्स डी ब्लॉक में आदरांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन मौजूद रहेंगे।



86 वर्ष की उम्र में भी दोस्तों के साथ मिलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वरिष्ठ नागरिक मंच ने एफएच गार्डन स्कीम 54, विजयनगर के वरिष्ठ नागरिकों का दीपावली मिलन आयोजन किया गया। रोजगार से रिटायर जरूर हुए लेकिन जिंदगी से नहीं यह बात 86 या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठजनों ने कही। मिलन के दौरान ठहाके भी लगाए गए। वरिष्ठों ने उत्साह भी दिखाया। इस दौरान कम उम्र के राजकुमार जैन, रामेश्वर गुप्ता भी मौजूद थे। नंद मोटवानी, प्रदीप गुप्ता, अशोक चौधरी, राजेश जायसवाल, अशोक सोलंकी, राजेन्द्र खंडेलवाल, सुरेश बाफना, श्री नीमजे, राधेश्याम मुकाती सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

'कला के रंग' प्रदर्शनी आयोजित होगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। क्रिएट स्टोरीज़ सोशल वेलफेयर सोसायटी के बैनरतले कैनरीज आर्ट गैलरी में 28 और 29 नवंबर को कला प्रदर्शनी कला के रंग का आयोजन सुबह 11:30 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा।



ब्रह्माकुमारी बहनों से लगवाया तिलक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ब्रह्माकुमारी ओम शांति भवन में पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल का ब्रह्माकुमारी दीदी ने भाई दूज पर तिलक किया। अन्य भाई भी इस दौरान मौजूद रहे।

दीपावली मिलन समारोह के साथ पुरस्कार वितरण भी होगा'

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

वीर गोगादेव जन्मोत्सव पर निकले निशान एवं झांकियों का सम्मान होगा

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर पालिका निगम कर्मचारी / कामगारों का दीपावली मिलन समारोह के साथ वीर गोगादेव पर्व पर निकली झांकी एवं छड़ी (निशानों) के भक्तों का सम्मान भी स्टेट प्रेस क्लब अभिनव कला समाज गांधी हाल में कल 13 नवम्बर शुक्रवार की शाम 4 से 6 बजे तक आयोजन होगा । उक्त जानकारी अनु. जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संघ महामंत्री निकेता गौहर ने देते हुए बताया कि संगठन प्रतिवर्ष इंदौर के हृदय स्थल राजवाड़ा पर गोगा नवमी पर लगने वाले जल्से में उपस्थित छड़ी निशान एवं चलचित्र झांकियो के साथ श्रेष्ठ मंच लगाने वाले संगठनों के प्रमुखो का भी सम्मान किया जाएगा। महेश गौहर, सूरज गौहर, निकेता गौहर, राजपाल मेलाने, रानू सेन, संतोषदेवी गोसर, शकुन कलोसिया, सीमा नरवाले, कविता करोसिया सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

महालक्ष्मीजी को अर्पण की गई साड़ियों का वितरण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दीपावली के पश्चात हर वर्ष की तरह महालक्ष्मी मंदिर उषानगर में माता लक्ष्मीजी को अर्पित साड़ियों का वितरण किया गया। पिछले 26 वर्षों से दीपावली के पश्चात नाम मात्र के शुल्क में दूर दराज से आई महिलाओं को साड़ी प्रसाद स्वरूप दी जाती है। पांच सदस्यीय महिलाओं की टीम द्वारा टोकन सिस्टम से सभी महिलाओं को साड़ी दी गई।

मैथिल समाज ने मनाया भाई दूज पर भरदुतिया पर्व

बहनों ने भाइयों को नोतकर की दीर्घायु की कामना

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मैथिली भाषा के इस पारंपरिक मंत्र के साथ भाई दूज का पर्व मैथिल समाज की महिलाओं ने भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक भरदुतिया पर्व पारंपरिक विधि-विधान से मनाया। बहनों ने अरिपन पर भाइयों को बैठाकर उन्हें नोतने की रस्म निभाई और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।



राठौर का किया सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजेश जोशी मित्र मंडल ने अध्यापक और समाज से जुड़े जितेन्द्र राठौर का उनके अवतरण दिवस पर सम्मान किया। विश्व ब्राह्मण संघ, शिक्षा विभाग, आदर्श इन्दिरा नगर रहवासी और चिकित्सा विभाग से जुड़े लोग भी इस सम्मान में पहुंचे थे। कांग्रेस नेता राजेश जोशी, शेखर जोशी, विजय राठौर, दिनेश पांचाल, गोलू सिरसवाल, श्याम राठौर, राजीव शर्मा, अजय मालवीय, हेमंत शर्मा, शांतिलाल प्रजापति, दीपक सालदीवाल, सीताराम यादव, मुकेश शर्मा, गणेश प्रजापत, हरिओम वैष्णव, राजेश राठौर, चंचल उपाध्याय, प्रफुल्ल सहस्त्रबुद्ध, शरद, संजय सहित अन्य मौजूद थे।

तिब्बती वूलन मार्केट शुरू



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ल्हासा तिब्बती ऊनी बाजार दशहरा मैदान पर कल से शुरू हो गया है। शुरूआत में पूजा-अर्चना की गई। नृत्य संगीत का आयोजन भी हुआ। दोपहर बाद से दुकानें शुरू हो गई।

शंखेश्वर मंदिर में आयोजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ नवरत्न धाम रतन बाग जैन मंदिर में उदघाटन आयोजन संत मुनिराज पुष्पेंद्र विजय म.सा., मुनिराज श्रतानद विजय म.सा. की निश्रा में किया गया। जिनालय में सुबह 5 बजे प्रवेश किया गया। प्रभावना में लाडू चढ़ाए गए, गौतम रास का वाचन हुआ।



बंसल परिवार ने भाईदूज पर किया गौ पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अग्रवाल समाज से जुड़े वरिष्ठ राजेश बंसल पम्प ने बताया कि बंसल परिवार गोयल नगर से जुड़ी सभी बहनों ने सामूहिक भाईदूज का आयोजन जम्बूड़ी स्थित गौशाला पर किया। सबसे पहले गौशाला पहुंचकर गौपूजन कर गायों की पेटपूजा कराई गई। गुड़, फल और हरा चारा भी खिलाया गया। भजन से संबंधित तम्बोला भी खिलाया गया। मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाइयों को समाजसेवा के लिए प्रशस्ती पत्र भी दिए गए। शीला गोपाल गर्ग, अलका अशोक गोयल, आशा सतीश गर्ग, किरण दिनेश गर्ग, ज्योति प्रकाश अग्रवाल, रितु गोपी तिबड़ेवाल, आरती यशवंत अग्रवाल एवं बंसल परिवार के भाई भी मौजूद रहे।

माँ हरसिद्धि के भक्तों ने ली प्रसादी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



हरसिद्धि अन्नकूट महोत्सव समिति से जुड़े घनश्याम काकाणी ने बताया कि कल सुबह हरसिद्धि माता के मंदिर पर पुष्प बंगला, महाआरती के बाद दस्तूर गार्डन में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, कैलाश विजयवर्गीय, थावरचंद गहलोत, शंकर लालवानी, गोलू शुक्ला, जीतू जिराती, सुदर्शन गुप्ता, मनोज परमार, मनोज तिवारी भी गार्डन में पहुंचे थे। वहां गुरुकृपा परिवार के साथ केन्द्रीय मंत्री ने कन्याओं का पादपूजन किया। कई राजनेता कार्यक्रम में पहुंचे। इनमें केन्द्रीय मंत्री, मंत्री, विधायक और कई भाजपा नेता भी पहुंचे। दस्तूर गार्डन में भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। आयोजन से पुरुषोत्तम शर्मा, प्रदीप शर्मा, संदीप शर्मा, दुष्यन्त शर्मा सहित गुरुकृपा परिजन जुड़े थे।

जैनाचार्य यतीन्द्रसूरि महाराज का जन्मोत्सव मनाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ, द्वारा आयोजित चातुर्मास के अंतर्गत श्री केसरी वाटिका में गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरि म.सा. के सान्निध्य में युगदृष्टा जैनाचार्य श्री यतीन्द्रसूरि महाराज का 144वाँ जन्मोत्सव श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर गुणानुवाद सभा आयोजित हुई, जिसमें साधु-साध्वीवृंद एवं बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने गुरुदेव के जीवन और धर्मप्रभावना का स्मरण किया। गच्छाधिपति नित्यसेनसूरि म.सा. ने प्रवचन दिए। राजेश जैन युवा ने उक्त जानकारी दी।

ब्रोकर एसोसिएशन का मिलन आयोजन होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर रियल इस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन भटेवरा और सचिव पीयूष वाजपेयी ने बताया कि संस्था का दीपावली मिलन आयोजन रविवार 15 नवम्बर को दोपहर 1.30 से 3.00 बजे तक अमृत ग्रीन गार्डन, बाबाश्री गार्डन के पास छोटा बांगड़दा रोड पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण, राहुल मौर्य लाभार्थी है।



भाईदूज पर भी उकेरी रंगोली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दीपावली के अवसर पर शहर में कई जगह रंगोली घर के बाहर और अन्य जगह पर भी उकेरी गई। कल भाईदूज पर नन्दानगर 11 नम्बर रोड पर देवेन्द्र सोनी के निवास पर उनके पुत्र समर्थ और पुत्री पारुल ने आकर्षक रंगोली बनाई, जिसे सोशल मीडिया पर भी खासी जगह मिली। रहवासियों ने भी इसे निहारा।



बंगाली समाजजनों ने की माँ काली की पूजा



कल किया गया विसर्जन, सिंदूर दान आयोजन में मातृशक्तियां रहीं मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बंगाली समाज सराफा द्वारा संचालित श्रीश्री सार्वजनिक माँ काली पूजा का आयोजन चार दिनों तक किया गया। बिजासन रोड स्थित गार्डन पर लगातार पूजा, पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी हुए। कल बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की मौजूदगी में सिंदूर दान का बड़ा आयोजन किया गया। माँ काली का विसर्जन भी समापन अवसर पर किया गया। इस आयोजन में सराफा से जुड़े बंगाली समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वहीं ज्वेलर्स, कारीगर, व्यापारी और अन्य भी मौजूद रहे।

विद्याधाम में गोपाष्टमी एवं आंवला नवमी पर आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विद्याधाम मंदिर बिजासन रोड पर 17 नवम्बर को गोपाष्टमी पर गौपूजन एवं गौमाता के लिए विशेष अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा एवं 18 नवम्बर आंवला नवमी पर अन्नकूट होगा। वहीं 20 नवम्बर को शालिग्राम मंदिर पर तुलसी विवाह का आयोजन किया जाएगा। ग़ोपाष्टमी पर गौवंश को छप्पन भोग समर्पित करेंगे। आंवला नवमी पर आंवला वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु का पूजन होगा और शाम को मां भगवती को छप्पन भोग लगेंगे।

हंसदास मठ पर कड़ाव में बनेगी रामभाजी

आंवला नवमी पर अखंड रामायण पाठ के साथ प्रारंभ होगा दो दिवसीय अन्नकूट महोत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। हंसदास मठ पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन आंवला नवमी बुधवार 18 नवंबर को होगा। रामचरण दास महाराज एवं पवनदास महाराज के सानिध्य में मंगलवार को अखंड रामायण पाठ एवं अभिषेक के साथ इस दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ होगा। बुधवार को मठ स्थित भगवान पद्मनाभ, रणछोड़जी, टीकमजी एवं पंचमुखी चिंताहरण हनुमानजी का श्रृंगार कर उन्हें शाम 6.30 बजे छप्पन भोग समर्पित कर श्रृंगार के बाद महाआरती होगी। महाप्रसादी एवं भजन संध्या शाम 7 बजे से शुरू होगी। बड़ा कड़ाव हंसदास मठ के पास है जिसमें अन्नकूट महोत्सव के लिए रामभाजी बनाई जाएगी जो 20 हजार भक्तों के लिए पर्याप्त होगी। यह करीब 100 वर्ष पुराना कड़ाव है।



ट्रांसपोर्ट महासंघ में सालुंके बने प्रवक्ता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश ट्रांसपोर्ट महासंघ ने प्रदेश प्रवक्ता के पद पर सुशील सालुंके को नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र के साथ उनका सम्मान भी किया गया। संजय अरोड़ा, राकेश अरोड़ा, मनीष सोनी, जयमल सिंह, जसवंत सिंह, मेहर सिंह, संत सिंह, राजकुमार सावनेर, विजय रोचलानी, नरेश पुरोहित, गिरीश सदानी मौजूद थे। वहीं स्व. हरिसिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।



फिटनेस जंक्शन पर सुन्दरकांड पाठ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मोहित भाटी, सुरभि भाटी के फिटनेस जंक्शन के नए शोरूम कनकेश्वरी देवी मंदिर के आगे शुरू हुआ। सुन्दरकांड पाठ भी किया गया। इस अवसर पर सुभाष सेन, अशोक चौहान, गुड्डू पहलवान, मुकेश भाटी, मोहित भाटी, डॉ. सुरभि भाटी सहित अन्य मौजूद थे।

नेमीनाथ जिनालय में विराजित होगी पदमासन पद्मप्रभु की प्रतिमा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नेमीनगर जैन कॉलोनी स्थित नेमीनाथ जिनालय में आचार्य 108 सुनील सागर मसा ससंघ के सानिध्य में 25 नबम्बर से आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव मे' पद्मप्रभु भगवान' की प्रतिमा एवं 24 तीर्थंकर भगवान की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा सम्पन्न होगी। भरत शास्त्री मूर्ति स्थापना की प्रक्रिया कराएंगे। श्रीजी की प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई। तिलक वंदन, आरती के बाद प्रभावना भी वितरित की गई। इंद्रकुमार सेठी, संदीप गंगवाल, सुयश बाकलीवाल, गिरीश पाटोदी, कैलाश लुहाडिया, मोनू काला, प्रवीण पहाडिया, डॉ. नेमीचंद जैन, डॉ. संजय जैन मौजूद थे।





वैष्णव मंडल ने किया सेवा कार्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मां वैष्णोदेवी भक्त युवा मंडल के संस्थापक पं. धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि दीपावली के पूर्व से अलग-अलग बस्ती में सेवा कार्य के अन्तर्गत बच्चों एवं बड़ों को कपडे, मिठाई, राशन का वितरण किया गया। 2 हजार से अधिक बच्चों को अलग-अलग बस्ती में पहुंचकर सामग्री दी।

कपड़ा बाजार सियागंज और संयोगितागंज में मुहूर्त आज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। होलसेल कपड़ा बाजार, सियागंज किराना बाजार और संयोगितागंज अनाज मंडी में मुहूर्त के सौदे आज हो रहे है। क्लॉथ मार्केट मर्चेंट्स एसोसिएशन का दिवाली मिलन रविवार को आयोजित होगा,वही आज बाजार में मुहूर्त के सौदे हो रहे है। सियागंज होलसेल किराना मर्चेंट्स एसोसिएशन की ओर से आज महावीर चौक में दोपहर 12:15 बजे महालक्ष्मी पूजन के बाद मुहूर्त के सौदे हो रहे है। वहीं, संयोगितागंज अनाज मंडी में इंदौर अनाज तिलहन व्यापारी संघ की ओर से सुबह 11:41 बजे 56 भोग और श्रृंगार दर्शन, दोपहर 12:11 बजे महालक्ष्मी पूजन-आरती और 12:31 बजे व्यापार का शुभ मुहूर्त है। दोपहर 12:41 बजे अन्नकूट प्रसादी का आयोजन हो रहा है।

मूसाखेड़ी फ्लाई ओवर निर्माण में तेजी

बीच के हिस्से में गर्डर लांचिंग के साथ सर्विस रोड़ का भी हो रहा निर्माण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



मूसाखेड़ी फ्लाईओवर निर्माण कार्य में अब पहले से दुगनी तेजी नजर आ रही है। जिसके अंतर्गत बीच के हिस्से में जहां लोहे का बड़ा स्ट्रक्चर रखने के बाद उस पर वेल्डिंग वर्क कर उसे तैयार करने का काम दिन -रात दुगनी तेजी के साथ किया जा रहा है। वहीं इसके पास में बीच के हिस्से में गर्डर लॉन्चिंग का काम भी चल रहा है। वहीं दूसरे साइड वाले लोहे के बड़े स्ट्रेक्चर के अलग -अलग हिस्से में निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है। बताया जा रहा है कि बेहद जल्द पीथमपुर की फैक्ट्री में तैयार 60 टन वजनी लोहे के बड़े स्ट्रैकचर के अलग - अलग हिस्सों को लाने का काम भी शुरू होगा। इसके बाद इन्हें बड़ी मशीनों और क्रेन की सहायता से ऊपर चढ़ाने का काम भी होगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है।

इधर, सर्विस रोड की बाधाएं दूर कर शुरू कर दिया निर्माण

वहीं सर्विस रोड की बाधाएं दूर कर निर्माण एजेंसी द्वारा सर्विस रोड का निर्माण कार्य भी तेजी के साथ शुरू कर दिया है। बताते हैं कि इस नई सर्विस रोड से वाहन चालक निकलकर ब्रिज के नीचे के बोगदो से होकर गुजरेंगे। इसके अलावा सर्विस रोड़ निर्माण की अन्य बाधाएं भी दूर की जाएगी ताकि ब्रिज निर्माण से पहले दूसरे साइड की सर्विस रोड निर्माण का कार्य जल्द पूरा हो जाए। जिसको लेकर निर्माण कार्य वर्तमान में तेजी के साथ हो रहा है। इधर ब्रिज निर्माण का कार्य भी ठेकेदार कंपनी द्वारा ज्यादा मजदूर लगाकर करवाया जा रहा है। जिसके लिए दो शिफ्ट में काम हो रहा है।

प्रकाश का बगीचा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भवन की जर्जर इमारत को नवीनीकरण का इंतजार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा तीन के अंतर्गत रावजी बाजार थाना क्षेत्र में स्थित प्रकाश का बगीचा प्राथमिक विद्यालय भवन की सालों से जर्जर इमारत को अब नवीनीकरण का इंतजार है। लंबे समय से टेंडर प्रक्रिया के बावजूद हालत यह है कि अभी तक उक्त इमारत के नवीनीकरण और नवनिर्माण का कार्य शुरू ही नहीं हो पाया। जबकि इसको लेकर पिछले 5 साल से प्रयास चल रहे हैं। वही अभी हालत यह है कि चारों ओर बाउंड्री वॉल करने के अलावा कोई काम शुरू नहीं हुआ और जहां बननी थी इमारत वहां मिट्टी के ढेर लगे है और जगह जगह गाजर घास उग रही है। जिसको लेकर सवाल उठ रहे है।

शिफ्टिंग के लिए नहीं मिल रही जगह, अटका निर्माण

दरअसल प्रकाश का बगीचा प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन के नवनिर्माण का कार्य वर्तमान स्कूल भवन को अन्य जगह शिफ्टिंग करने के लिए पर्याप्त जगह और उचित स्थान नहीं मिलने के कारण यहां बनने वाले नवीन सरकारी स्कूल भवन का निर्माण कार्य पिछले तीन से चार साल से अटका पड़ा है। जिसके कारण छात्रों को मजबूरी में लंबे समय से जर्जर भवन में बैठकर पढ़ना पड़ रहा है। जबकि यहां नई स्कूल इमारत बनाने के लिए निगम के शाला प्रकोष्ठ द्वारा 3 साल पहले ही बजट मंजूर कर दिया था। लेकिन पुराने स्कूल भवन को अपनी जगह स्थानांतरित नहीं कर पाने के कारण अब तक निर्माण कार्य ढंग से शुरू नहीं होने के कारण अधूरा पड़ा है।

जोड़ने वाली मुख्य सड़क की दिखने लगी रंगत

इधर,बायपास से भीतर तक 30 फीट चौड़ी आधी से ज्यादा सड़क तैयार 50 कालोनियों के हजारों लोगों को मिलेगा फायदा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



राऊ विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में बिचोली हप्सी रोड से बायपास और देवगुराडिया रोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य इन दिनों बेहद तेजी के साथ चल रहा है। जिसके अंतर्गत बायपास से भीतर तक नोबल हॉस्पिटल चौराहा पर बिचोली ग्रामीण और देवगुराडिया क्षेत्र को जोड़ने वाले मार्ग तक बन रही लगभग 30 फीट चौड़ी मुख्य सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की रंगत अब तेजी के साथ दिखने लगी है। यही नहीं वर्तमान में बिचौली बायपास से भीतर तक लगभग 1 किमी से ज्यादा लंबे बड़े हिस्से में आधी से ज्यादा नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही अब पौन किमी के लगभग बचे शेष हिस्से में भी अब दुगनी तेजी के साथ सड़क निर्माण कार्य चल रहा है।

मां पीतांबरा धाम तक हो रहा एक जैसे लेवल में सड़क निर्माण कार्य

वहीं आईडीए द्वारा बिचोली बाईपास से भीतर नोबल हॉस्पिटल चौराहा और देवगुराडिया रोड को जोड़ने वाली मैन रोड से मास्टरमाइंड स्कूल और मां पीतांबरा धाम तक बनने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य वर्तमान में बहुत तेजी के साथ चल रहा है। आईडीए द्वारा करोड़ों की लागत से बनाई जा रही इस मुख्य सड़क का निर्माण कार्य वर्तमान में आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। वहीं बचे हिस्से में भी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है ताकि यहां से दिन-रात गुजरने वाले 50 से ज्यादा कालोनियों और सैकड़ों टाउनशिप के हजारों रहवासी परिवारों को भी सीधी नई सड़क बनने से बड़ा फायदा मिलेगा। साथ ही भविष्य में भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर धार में होगा आयोजन

धार ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मुख्यमंत्री करेंगे रोड-शो और ग्रामीणों से संवाद

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर धार में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव धार जिले मे 15 नवम्बर को रोड-शो करेंगे। गांव में ग्रामीणों से संवाद भी किया जाएगा। जोबट में भी आयोजन होगा। धार जिले में 15 नवम्बर को होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम में जुड़कर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्रीय ग्रामीणों के बीच जायेंगे और उनसे संवाद कर शासकीय योजनाओं के लाभ प्रदाय का फ़ीडबैक भी लेंगे।मुख्यमंत्री धार जिले में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत पात्र पट्टेधारियों के प्लॉट और मकान की रजिस्ट्री का अपने समक्ष निष्पादन भी करायेंगे। साथ ही धार जिलेवासियों को करोड़ों की लागत के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। भगवान बिरसा मुंडा जयंती को और भी विशेष बनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 नवम्बर को ही 'डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट' का लोकार्पण कर धार और आलीराजपुर जिले के किसानों को खेतों में सिंचाई के लिये नर्मदा जल का उपहार देंगे।डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट से धार जिले के 84 और आलीराजपुर जिले के 42 गांवों की लगभग 47 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को रबी मौसम में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे लगभग 1 लाख 26 हजार किसान लाभान्वित होंगे।



ग्राम रेहगांव में लगी ग्राम चौपाल

अरुण यादव एवं सचिन यादव ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

खरगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.) कसरावद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रेहगांव में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव एवं विधायक सचिन यादव ने वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के अंतर्गत ग्राम चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने देश में मतदाता सूची एवं कथित वोट चोरी से जुड़े मुद्दों को ग्रामीणों के समक्ष रखते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था, मतदान के अधिकार तथा आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

शहीद पार्क के पीछे मेदांता हॉस्पिटल से जुड़ी सड़क पर डिवाइडर के बीच पार्किंग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्वी रिंग रोड पर शहीद पार्क के पीछे मेदांता हॉस्पिटल से जुड़ी सड़क पर लंबे समय से डिवाइडर के बीच लोगों द्वारा कारें पार्क की जा रही है। हालत यह है कि आधी से ज्यादा सड़क पर दिनभर कारें खड़ी रहती है। यही नहीं शादी विवाह के सीजन में तो और ज्यादा हालत खराब हो जाती है। पास में स्थित आनंदम रिजॉर्ट में शादी विवाह या अन्य कार्यक्रम के दौरान बाहर तक गाड़ियां खड़ी रहती है। क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कई बार निगम अधिकारियों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी शिकायत कर दी है। बावजूद कोई भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहें है। जिसके कारण यहां रिंग रोड़ से जुड़ी वेलोसिटी टॉकीज



के सामने वाली रोड पर मेदांता हॉस्पिटल तक आधे अधूरे डिवाइडर के बीच अवैध पार्किंग का अड्डा बना रखा है। जहां सुबह से लेकर शाम तक आधी से ज्यादा सड़क घेरकर गाड़ियां खड़ी रहती है।

बड़ी बात यह है कि पूर्वी रिंग रोड पर शहीद पार्क के पीछे बॉम्बे-आगरा रोड से जुड़ी मुख्य लिंक रोड़ सड़क पर वैसे ही दिनभर लिंक रोड़ से हॉस्पिटल आने-जाने वाली गाड़ियों का दबाव रहता है ऐसे में सड़क के बीच डिवाइडर की जगह पर गाड़ियों की पार्किंग से लोगों को परेशानी हो रही है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों ने कई बार निगम की 311 एप पर और अधिकारियों को भी शिकायत कर दी बावजूद इसके फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यही नहीं रात में और ज्यादा दिक्कत हो रही है जब अंधेरे में बीच सड़क पर गाड़ियां पार्किंग और लोगों को यहां से अंधेरे में निकलना पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी आधा अधूरा डिवाइडर के बीच ना लाइटिंग लगी है और ना हरियाली और सुंदरता दिखाई दे रही है।

संपादकीय

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का संकट, संसदीय समिति की बैठक से ही हटाया गया अहम मुद्दा

यह समझना मुश्किल है कि एक तरफ समूचे दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण एक गंभीर संकट के रूप में सार्वजनिक चर्चा और चिंता का विषय बन चुका है और दूसरी ओर, संसदीय समिति में प्रदूषण और वायु गुणवत्ता के सवाल को चर्चा तक से अलग क्यों हटाया जा रहा है। जिस समय दिल्ली सहित समूचा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्रदूषण से उपजे संकट में घिरा दिखता है, वैसे में कायदे से होना यह चाहिए था कि सरकार इस मसले को सर्वोच्च प्राथमिकता में रख कर इससे निपटने के उपाय करती। इसके अलावा, इस समस्या को किसी राजनीतिक दायरे में रखकर देखने के बजाय सभी दलों के साथ विचार कर प्रदूषण पर काबू पाने के रास्ते खोजती। मगर इसके उलट आई यह खबर परेशान करने वाली है कि गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने 17 नवंबर को होने वाली अपनी बैठक के संशोधित एजंडे से दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और वायु गुणवत्ता के महत्त्वपूर्ण मुद्दे को हटा दिया है। जबकि संसदीय समिति ने पांच नवंबर को अपनी बैठक के एजंडे में एक अहम मुद्दे के रूप में दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और नियामक उपायों की चर्चा शामिल की थी। दिल्ली और आसपास के इलाके में वायु गुणवत्ता की हालत को देखते हुए स्वाभाविक ही विपक्ष ने संसदीय समिति के रुख पर कड़ी आपत्ति जताई और इस मुद्दे को फिर से बैठक के एजंडे में शामिल करने की मांग की। यह समझना मुश्किल है कि एक तरफ समूचे दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण एक गंभीर संकट के रूप में सार्वजनिक चर्चा और चिंता का विषय बन चुका है और दूसरी ओर, संसदीय समिति में प्रदूषण और वायु गुणवत्ता के सवाल को चर्चा तक से अलग क्यों हटाया जा रहा है। खासतौर पर दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक की स्थिति लगातार 'बहुत खराब' की श्रेणी में दर्ज की जा रही है। एक्यूआइ का स्तर कई इलाकों में चार सौ से भी ऊपर जाना यही बताता है कि यहां प्रदूषण पर काबू पाने के सारे उपाय या तो नाकाम हो गए हैं या फिर उन नियमों को लागू करने के मामले में घोर लापरवाही बरती गई है। डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के मुताबिक, पीएम 2.5 का वार्षिक औसत स्तर प्रति घनमीटर सिर्फ पांच माइक्रोग्राम होना चाहिए। वहीं दिल्ली में पटाखे चलाने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशानिर्देशों का उल्लंघन हुआ और उस दिन यहां की हवा में सूक्ष्म प्रदूषण कण सीमा से चालीस गुना से ज्यादा पाए गए। सवाल है कि क्या सरकार इन्हीं मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है। हैरानी की बात यह है कि वायु गुणवत्ता के मुद्दे को जहां संसदीय समिति की चर्चा से किनारे किया जा रहा है, वहीं ब्रिटेन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन के वायु गुणवत्ता दिशानिर्देशों का पालन किया जाए, तो हर साल नब्बे लाख से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सकती है। यानी देश अगर सूक्ष्म कणों या पीएम 2.5 के स्तर को डब्ल्यूएचओ के मानकों तक कम कर लें, तो लाखों अकाल मौतों को रोका या टाला जा सकता है। वायु प्रदूषण पर काबू पाने के साथ ही गंभीर बीमारियों के नए मामलों को भी रोका जा सकता है। विचित्र यह है कि पिछले कई साल से ठंड की आहट के साथ दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्तर खतरे की रेखा के भी ऊपर दर्ज किया जाता है। इससे निपटने के लिए सरकार वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के साथ-साथ निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध जैसे कई कदमों की घोषणा तो करती है, लेकिन एक्यूआइ के स्तर में सुधार के मामले में शायद ही इसका असर पड़ता देखा गया है। ऐसे में अगर विपक्ष यह आरोप लगा रहा है कि गंभीर वायु प्रदूषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है, तो यह बेवजह नहीं है।

इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी से ठगे गए 1.48 लाख रिफंड कराए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन साइबर ठगी के शिकार हुए एक स्थानीय व्यापारी को बड़ी राहत पहुँचाई है। शातिर ठगों द्वारा एपीके फाइल डाउनलोड कराकर खाते से उड़ाई गई 1 लाख 48 हजार रुपए की पूरी रकम को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी माध्यमों से न केवल होल्ड कराया, बल्कि अदालत के आदेश के जरिए पीड़ित को वापस दिलवा दी है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, यह मामला शहर के एक इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी से जुड़ा है। पीड़ित व्यवसायी ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके फोन में उनकी जानकारी के बिना एक संदिग्ध एपीके फाइल डाउनलोड हो गई थी। इस मालवेयर फाइल के जरिए ठगों ने उनके बैंक खाते से 1 लाख 48 हजार रुपए निकाल लिए थे। पीड़ित को तब इस ऑनलाइन फ्रॉड का पता चला जब वे किसी को पेमेंट करने जा रहे थे और उन्होंने अपना खाता खाली देखा। घटना की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही क्राइम ब्रांच इंदौर की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम हरकत में आई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिल्ली स्थित संदिग्ध बैंक खाते को तुरंत फ्रीज करवाकर पूरी राशि को होल्ड पर रखवा दिया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए न्यायालय के आदेश के माध्यम से संपूर्ण 1 लाख 48 हजार रुपए की राशि सुरक्षित रूप से आवेदक के खाते में रिफंड करवा दी गई।

जीजा को साले ने पीटकर किया घायल

अस्पताल के सामने बीमार का इलाज बंद करवाने पर हुआ विवाद

इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र स्थित खंडवा रोड पर एक निजी अस्पताल के सामने पारिवारिक रंजिश और इलाज बंद करवाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। बीमार पत्नी का इलाज रुकवाने पर जब पति ने अपने सालों से वजह पूछी, तो उन्होंने साथियों के साथ मिलकर उसकी सड़क पर ही लात-घूंसों से जमकर धुनाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित पति की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात कल रात करीब 10 बजे खंडवा रोड स्थित दिव्य ज्योति अस्पताल के सामने हुई। हमले में घायल हुए व्यक्ति कल्याण सिंह पिता लखन सिंह भाबर निवासी ग्राम काचरोद, सिमरोल ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अस्पताल में उसकी पत्नी लक्ष्मी का इलाज चल रहा था। कल रात करीब 10 बजे उसके तीनों साले श्यामलाल गिरवाल, रामजीलाल गिरवाल और श्रीलाल गिरवाल सभी निवासी ग्राम उमठ, सिमरोल अस्पताल पहुँचे और उसकी पत्नी का चल रहा इलाज अचानक बंद करवा दिया। जब कल्याण सिंह ने अस्पताल के बाहर उनसे आपत्ति जताते हुए पूछा कि आखिर तुमने मेरी पत्नी का इलाज क्यों बंद करवाया है? तो आरोपी भड़क गए और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर कल्याण सिंह के साथ हाथ-मुक्कों और लात-घूंसों से जमकर मारपीट की।

चोरों ने उड़ाई नकदी जेवर और बाइक

सूने मकान का ताला तोड़कर की वारदात

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर में चोरों ने एक सूने मकान को अपना निशाना बनाते हुए धावा बोल दिया। अज्ञात बदमाश घर का ताला चटकाकर अंदर घुसे और अलमारी में रखे कीमती सोने के जेवर, नकदी रुपए तथा घर के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के बालाजी विहार, शांति नगर की है। फरियादी अजय सिंह पिता प्रहलाद सिंह राजपूत, निवासी बालाजी विहार, शांति नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब उनका घर सूना था, तब किसी अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया। बदमाश घर के अंदर दाखिल हुए और बेडरूम में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे नगदी रुपए तथा सोने के आभूषण जिनमें सोने का हार, मंगलसूत्र और चूड़ी शामिल हैं पार कर दिए। चोरों का दुस्साहस यहीं नहीं रुका, वे घर के अंदर ही खड़ी फरियादी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 09 एक्सजे 5844 भी चोरी कर अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही बाणगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुँची और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

जातिसूचक शब्दों के साथ अभद्रता और गाली-गलौज

पुलिस ने शिकायत के बाद किया प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गांधी नगर थाना क्षेत्र के अरिहंत नगर में मामूली बात को लेकर एक व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने और गालियां देकर धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपनी पत्नी के साथ थाने पहुँचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने चार आरोपियों सहित उनके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना गांधी नगर स्थित अरिहंत नगर इलाके की है। फरियादी अनिल पिता गम्मुलाल भैरवे, निवासी अरिहंत नगर, गांधी नगर ने पुलिस को शिकायत में बताया कि बच्चे को रोकने की मामूली बात पर आरोपी कुंदन शर्मा, अमित शर्मा, प्रिंस शर्मा, गणेश शर्मा सभी निवासी अरिहंत नगर, इंदौर और उनके कुछ अन्य साथी अचानक उनके पास आ पहुंचे। आते ही कुंदन शर्मा ने आक्रोशित होकर अनिल से कहा कि तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरे बच्चे को रोकने की? इसके बाद आरोपियों ने अनिल को सार्वजनिक रूप से जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करना शुरू कर दिया और विरोध करने पर गालियां देने लगे। घटना के दौरान मौके पर मौजूद चार-पांच लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। घटना से आहत होकर पीड़ित अनिल अपनी पत्नी के साथ गांधी नगर थाने पहुँचे और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। गांधी नगर थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी कुंदन शर्मा, अमित शर्मा, प्रिंस, गणेश व अन्य के विरुद्ध जातिसूचक शब्द का प्रयोग करने और गाली-गलौज करने की धाराओं में केस दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

मोबाइल हैक कर महिला के बैंक खाते से उड़ाए 1.04 लाख रुपये

इंदौर। एमआईजी थाना क्षेत्र में एक महिला के बैंक खाते को अज्ञात साइबर ठगों द्वारा हैक कर खाते से एक लाख चार हजार रुपये उड़ाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह साइबर ठगी की वारदात एमआईजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कृष्णबाग कॉलोनी में रहने वाली वंदना पति आनंद कुमार सिंह के साथ 29 अक्टूबर की रात को हुई। फरियादी वंदना सिंह ने पुलिस को दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात शातिर बदमाश ने उनका मोबाइल फोन डिजिटल माध्यम हैक कर लिया। मोबाइल हैक होने के बाद ठगों ने बिना किसी ओटीपी या पूर्व जानकारी के उनके बैंक खाते से चुपचाप 1,04,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर अन्य खातों में ट्रांसफर कर लिए। जब पीड़िता को अपने खाते से राशि कटने का संदेश मिला, तो उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही एमआईजी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी

इंदौर। मानपुर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ बहला-फुसलाकर अपहरण करने, जबरन दुष्कर्म करने और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। मानपुर थाना पुलिस के अनुसार, 15 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर अपनी आपबीती सुनाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अमन छारेल निवासी ग्राम मेंण, मानपुर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया था। आरोप है कि आरोपी ने नाबालिग पीड़िता को अपनी कस्टडी में रखकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके साथ ही आरोपी ने घटना का जिक्र किसी से भी करने पर उसे जान से मारने की धमकी और धौंस भी दी। पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से बचकर अपने परिजनों के पास पहुँची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुँचे। मानपुर थाना पुलिस ने पीड़ित किशोरी की रिपोर्ट पर आरोपी अमन छारेल के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
141200	1399700
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
185300	182600

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

हार्दिक के बाद अब मुंबई इंडियंस का कप्तान कौन होगा?

मुंबई । मुंबई इंडियंस ने अपने कप्तान हार्दिक पंड्या को ट्रेड कर दिया है। वह अब पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं। हार्दिक की जगह मुंबई में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आए हैं। टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज अर्शदीप ने अभी तक लीग में सिर्फ पंजाब के लिए खेला है। हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान भी थे। नए सीजन में अब फ्रेंचाइजी को नए कप्तान की जरूरत होगी। हम आपको उन चार खिलाड़ियों के बारे में बताते हैं, जो मुंबई इंडियंस के कप्तान बन सकते हैं।

रोहित शर्मा- मुंबई इंडियंस के पास रोहित शर्मा का विकल्प है। टी20 के विश्व चैंपियन कैप्टन रोहित को हटाकर ही फ्रेंचाइजी ने हार्दिक को कप्तान बनाया था। रोहित की कप्तानी में मुंबई की टीम 5 आईपीएल खिताब जीत चुकी है। वह महेंद्र सिंह धोनी के साथ लीग के सबसे सफल कप्तान हैं।



जसप्रीत बुमराह- मुंबई इंडियंस के पास कप्तानी के लिए जसप्रीत बुमराह भी हैं। बुमराह टेस्ट में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। आईपीएल में भी उन्होंने कप्तानी की है। तब तेज गेंदबाज के हाथों में टीम की कमान होती है तो उसकी सोच आक्रामत हो जाती है।

सूर्यकुमार यादव- सूर्यकुमार यादव टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे सफल कप्तान में शामिल हैं। उनकी कप्तानी में भारत ने टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीता था। हार्दिक की कप्तानी के दौरान सूर्या उपकप्तान की भूमिका में थे।

तिलक वर्मा- कप्तानी के चार विकल्प में तिलक वर्मा सबसे युवा हैं। वह भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान भी हैं। अगर मुंबई लंबे समय के लिए कप्तान नियुक्त करने का सोचेगी तो तिलक बेहतरीन विकल्प हैं। वह रोहित शर्मा की तरह लंबे समय तक कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

धनंजय के बाद कुसल का भी शतक, अपने ही घर में बैकफुट पर पाकिस्तान

रावलपिंडी । पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। टेस्ट का तीसरा दिन पूरी तरह से श्रीलंका के बल्लेबाजों के नाम रहा। दिन का खेल खत्म होने तक मेहमान टीम ने 4 विकेट खोकर 404 रन स्कोर बोर्ड पर लगा लिए हैं। दूसरे दिन स्टंप तक टीम का स्कोर 3 विकेट पर 114 रन था। यानी मैच के तीसरे दिन पाकिस्तानी टीम सिर्फ एक ही विकेट ले पाई। कमिंदु मेंडिस ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। मेंडिस 131 गेंदों का सामना करने के बाद 58 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद धनंजय डिसिल्वा और कुसल मेंडिस ने मोर्चा संभाला और पाकिस्तान के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाया। दोनों मिलकर पांचवें विकेट के लिए अब तक 249 रनों की अटूट साझेदारी निभा चुके हैं। धनंजय 241 गेंदों का सामना करने के बाद 167 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। अपनी इस पारी में धनंजय 20 चौके लगा चुके हैं। वहीं, कप्तान कुसल मेंडिस ने भी शतक लगाया। वह 188 गेंदों में 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से 117 रन बनाकर धनंजय का साथ निभा रहे हैं। पहले सेशन में एक विकेट चटकाने के बाद पाकिस्तान के गेंदबाजों को अगले दो सेशन में कोई विकेट नहीं मिल सका। हालांकि, श्रीलंका अभी पाकिस्तान द्वारा पहली पारी में बनाए गए 434 रनों के स्कोर से 30 रन पीछे है, लेकिन टीम के अभी 6 विकेट शेष हैं। हालांकि, पहली पारी में श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पसिंदु सूरियाबंदारा को मोहम्मद अब्बास ने बिना खाता खोले पवेलियन भेजा। इसके बाद दिनेश चांदीमल भी महज एक रन ही बना सके और साकिब खान का शिकार बने। लाहिरू उदारा अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील करने में नाकाम रहे और वह 52 गेंदों में 42 रन बनाने के बाद आउट हुए। पाकिस्तान की ओर से गेंदबाजी में अब तक साकिब खान और मोहम्मद अब्बास ने दो-दो विकेट चटकाए हैं। इससे पहले, पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी 9 विकेट खोकर 434 रन बनाने के बाद घोषित की थी।

फिलहाल आईपीएल की टीमें बढ़ाने का कोई इरादा नहीं

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने आईपीएल में फिलहाल टीम की संख्या 10 से बढ़ा कर 12 करने की किसी भी संभावना साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रस्ताव पर बोर्ड के भीतर अनौपचारिक स्तर पर भी कोई चर्चा नहीं हुई है। मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा था कि आईपीएल 2028 में टीमों की संख्या 10 से बढ़ाकर 12 कर दी जाएगी। देवजीत सैकिया ने कहा कि वैश्विक क्रिकेट बाजार में आईपीएल को लेकर बढ़ती दिलचस्पी के बावजूद फिलहाल इसके विस्तार की कोई योजना नहीं है। सैकिया ने कहा, '2028 में आईपीएल को 12 टीम का टूर्नामेंट बनाने की संभावना पर हमने औपचारिक या अनौपचारिक तौर पर कोई चर्चा की है। फिलहाल यह हमारे विचाराधीन नहीं है।' बीसीसीआई का पूरा फोकस अभी आईपीएल के अगले सीजन पर है। लीग की शुरुआत 2008 में हुई थी और यह 20वां सीजन होने वाला है। उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान फिलहाल 2027 में होने वाले आईपीएल पर है जो इसका 20वां सत्र होगा। यह एक बड़ा आयोजन होगा। हम इसी की तैयारियों के बारे में सोच रहे हैं और इसके आगे की किसी योजना पर विचार नहीं कर रहे हैं।' आईपीएल में टीम संख्या बढ़ाए जाने को लेकर मीडिया में चल रही खबरों को भी उन्होंने निराधार अटकलें करार देते हुए स्पष्ट किया, 'मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, वे कुछ लोगों की कल्पनाशीलता से उपजी अटकलें हैं। इन पर मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी। इन खबरों की कोई प्रामाणिकता नहीं है।'

बीसीसीआई सचिव ने मीडिया रिपोर्टों को किया खारिज

मुक्केबाज लैरेनलाकपाम मीतेई ने फाइनल में बनाई जगह, यूथ ओलंपिक में एक और मेडल पक्का

नई दिल्ली । भारतीय मुक्केबाज लैरेनलाकपाम अंबेडकर मीतेई ने डकार में चल रहे समर यूथ ओलंपिक 2026 में पुरुषों की 50 किलोग्राम बॉक्सिंग प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने कोलंबिया के इजोन जेफरी गैलिया अरेवालो को 5-0 से हराया।

रेड कॉर्नर से उतरे मीतेई ने पूरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और शुरुआत से अंत तक दबदबा बनाए रखा और सभी पांच जजों के स्कोरकार्ड के आधार पर जीत हासिल की। जजों ने क्रमशः 28-27, 28-27, 28-27, 29-26 और 28-27 का स्कोर दिया। अब फाइनल में मीतेई का सामना आयरलैंड के क्रिस्टियन जुबानी से होगा। जुबानी ने दूसरे सेमीफाइनल में मैक्सिको के एलन जीसस ओकैम्पो कैनो को 5-0 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है। सेमीफाइनल में पहुंचने और भारत के लिए एक पदक पक्का करने से पहले मीतेई ने नामीबिया के अब्राहम कालेंगा को पहले राउंड में 1:57 मिनट पर 'रेफरी स्टॉप्स कॉन्टेस्ट' (आरएससी) के जरिए हराया था। वहीं, क्वार्टर फाइनल में उन्होंने सेनेगल के फे शेख इब्राहिमा फॉल को 5-0 से हराया था।

यूथ ओलंपिक की बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में भारत के लिए यह दूसरा पदक है। इससे पहले, गुंजन ने महिलाओं की 48 किलोग्राम कैटेगरी में मैक्सिको की एटेना सोफिया जुआरेज कैलेरो को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और भारत के लिए एक पदक पक्का किया। गुंजन को पहले राउंड में 'बाय' मिला था, जिससे वह सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं।

महिलाओं की 48 किलोग्राम कैटेगरी के सेमीफाइनल में गुंजन का मुकाबला ग्रेट ब्रिटेन की लिली बैसेट से होगा। अगर वह आगे नहीं बढ़ पाती हैं, तो भी वह ब्रॉन्ज मेडल (कांस्य पदक) के साथ लौटेंगी। भारत ने समर यूथ ओलंपिक 2026 में अब तक कुश्ती और तैराकी में पदक जीते हैं। बुधवार (11 नवंबर) के सुबह के सत्र तक भारत के कुल पदकों की संख्या 8 हो गई है जिसमें तीन रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।

शराब के पैसे नहीं दिए तो सिर पर पत्थर और फरसी मारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भंवरकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में राहगीरों से शराब पीने के लिए अवैध रूप से रुपयों की मांग करने और मना करने पर उनके साथ मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने एक के बाद एक दो लोगों को अपना निशाना बनाया और उनके सिर पर पत्थर व फरसी से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शाहनी ऑटो पार्ट के पास की है। फरियादी शांतिलाल पिता मांगीलाल आर्य, निवासी महादेव नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि जब वह ट्रांसपोर्ट नगर में शाहनी ऑटो पार्ट के पास मौजूद थे, तभी दो युवक शराब के नशे में वहाँ आए। आरोपियों ने अपना नाम मोहम्मद रज्जा और आहात शाह बताते हुए शांतिलाल से शराब पीने के लिए अवैध रूप से 2,000 की मांग शुरू कर दी और गालियां देने लगे। जब शांतिलाल ने उन्हें गालियां देने और अवैध रूप से पैसे देने से साफ इनकार किया, तो दोनों भड़क गए और उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करते हुए सिर पर पत्थर से वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। बदमाशों का आतंक यहीं नहीं रुका। इसके तुरंत बाद शाहनी ऑटो पार्ट के पास ही खड़े कैलाश पिता रामप्रसाद से भी इन्हीं दोनों युवकों ने शराब के लिए अवैध रूप से रुपयों की मांग की। जब कैलाश ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी मोहम्मद रज्जा और आहात शाह ने बेरहमी से उनके सिर पर फरसी से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए।

एमआर-10 पर दिव्य शक्ति पीठ मंदिर के पास पीडब्ल्यूडी बनाएगा नया यात्री प्रतीक्षालय

इंदौर। एमआर-10 पर स्थित भव्य दिव्य शक्ति पीठ मंदिर के बाहर मेंनरोड पर धूप में बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा आकर्षक सुविधा वाले नवीन यात्री प्रतीक्षालय का नवनिर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर विभाग द्वारा निविदा जारी कर टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। वही आने वाले दिनों में दीपावली के बाद विभाग द्वारा करीब आधा दर्जन शहरी और ग्रामीण जगह पर एक साथ नए आधुनिक सुविधाओं वाले बस स्टॉप का निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर विभागीय तैयारियां भी शुरू हो गई है। गौरतलब है कि मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे के पास स्थित पुलिस पेट्रोल पंप के पास स्थित खाली जगह पर लोक निर्माण विभाग द्वारा आकर्षक डिजाइन वाला भव्य नवीन यात्री प्रतीक्षालय बस स्टॉप का नवनिर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर लोक निर्माण विभाग डिवीजन 1 के अफसरों द्वारा निविदा जारी कर अपनी ओर से टेंडर संबंधित तमाम प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं दीपावली के बाद बेहद जल्द शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चुनिंदा जगहों पर विशेष सुविधाओं वाले आधुनिक बस स्टॉप यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य एजेंसी के द्वारा पीडब्लूडी के नियम अनुसार जल्द शुरू किया जाएगा।

भारत ने मालदीव को एकतरफा अंदाज में हराया

ढाता । ढाका के नेशनल स्टेडियम में बुधवार को खेले गए ग्रुप बी के अपने आखिरी मैच में सुहेल अहमद भट के 38वें मिनट में किए गए पेनल्टी गोल और प्रियांश दुबे के शानदार बचाव की बदौलत भारत ने मालदीव को 1-0 से हराकर सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गत चैंपियन भारत ने ग्रुप स्टेज में छह अंकों के साथ अपना सफर खत्म किया, जबकि पाकिस्तान तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

मालदीव बिना कोई अंक हासिल किए टूर्नामेंट से बाहर हो गया। 14 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला बांग्लादेश, भूटान या श्रीलंका में से किसी एक टीम से होगा। हेड कोच नौशाद मूसा ने पाकिस्तान को 3-2 से हराने वाली टीम में सात बदलाव किए। अभिषेक सूर्यवंशी, मुहम्मद उवैस, सुहेल अहमद भट और रिकी शबोंग अपनी जगह बनाए रखने में कामयाब रहे। गोलकीपर के तौर पर अर्श अनवर शेख की जगह प्रियांश दुबे को मौका मिला, जबकि बिजॉय वर्गीज के न्यूजीलैंड चले जाने के बाद चिंगलेनसाना सिंह कोन्शम ने कप्तानी संभाली।

भट ने शुरुआत में ही नियर-पोस्ट पर एक शॉट लगाकर गोलकीपर हुसैन शरीफ को चुनौती दी, लेकिन भारत को बढ़त लेने के लिए पेनल्टी का इंतजार करना पड़ा। अब्दुल रबीह ने हुसैन सिफाऊ यूसुफ से गेंद छीनी, जिसके बाद डिफेंडर ने उन्हें बॉक्स के अंदर गिरा दिया। भट ने शरीफ को छकाते हुए गेंद को गोल के निचले बाएं कोने में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ टूर्नामेंट में भट के कुल गोलों की संख्या 3 हो गई है। इससे पहले, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ मैच के पहले हाफ में दो गोल (ब्रेस) किए थे। उस मैच में भारत का एक और गोल मैंगलेंथांग किपगेन ने किया था। हाफ-टाइम के बाद रबीह और निक्सन की जगह इरफान यादवाड और किपगेन मैदान पर आए। 65वें मिनट में भट की जगह विष्णु पीवी को उतारा गया।

ऋषु एवं नादिया का अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए चयन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर की बैडमिंटन खिलाड़ियों ऋषु रॉय एवं नादिया मुजुमदार ने शहर को गौरवान्वित करते हुए प्रतिष्ठित विक्टर एशिया सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई है। दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता के 40द महिला युगल वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

दोनों खिलाड़ियों ने वर्ष 2026 में गोवा में आयोजित 48वीं मास्टर्स राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया था। इसी राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के आधार पर उनका



एशिया सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 के लिए चयन हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप 16 से 23 नवंबर तक ग्वांगजू, दक्षिण कोरिया में आयोजित होगी।

एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. अनिल भंडारी ने कहा कि ऋषु रॉय एवं नादिया मुजुमदार का चयन इंदौर के लिए गर्व की बात है और यह प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। एसोसिएशन सचिव आर. पी. सिंह नय्यर ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए दक्षिण कोरिया में शानदार प्रदर्शन और देश का गौरव बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

महिला हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी आज इंदौर में

इंदौर । मध्यप्रदेश में महिला एशियन चैंपियनशिप भोपाल में 19 से 28 नवंबर तक होना है । जिसके प्रचार प्रसार हेतु ट्रॉफी प्रदेश भर में घुम रही है। गुरुवार को यह इंदौर में रहेगी । अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बरखेड़ा नाथू, भोपाल में इस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भारत सहित एशिया के शिर्ष देशों की 6 महिला हॉकी टीम प्रतिभागिता कर रही है। उक्त अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रदेश में हॉकी खेल के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु ट्रॉफी टूर का आयोजन मध्यप्रदेश के समस्त 10 संभागों में 10 से 17 नवंबर तक किया जा रहा है । जिसके तहत गुरुवार 12 नवंबर को इन्दौर जिलें में ट्रॉफी का आगमन होगा, जिसका स्वागत कार्यकम खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश ओलम्पिक एसोसिएशन एवं समस्त खेल संघ की ओर से किया जा रहा है । गुरुवार को सुबह 11 बजे अभय प्रशाल में ट्रॉफी टूर के भव्य स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद ट्रॉफी विभिन्न खेल मैदानों पर जाएगी ।

वैभव सूर्यवंशी इंदौर पहुंचे, आज से मैदान पर अभ्यास करेंगी टीमें

इंदौर । घरेलू टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मुकाबले 14 नवंबर से इंदौर के दो मैदानों पर खेले जाएंगे । टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए 8 राज्यों की टीमें इंदौर पहुंच चुकी हैं। बिहार टीम के कप्तान वैभव सूर्यवंशी कल देर रात इंदौर पहुंच गए । सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 के एलीट 'ग्रुप-बी' के सभी 28 मुकाबले इंदौर में खेले जाएंगे । इस ग्रुप में कुल 8 टीमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, बिहार, सौराष्ट्र, तमिलनाडु, रेलवे और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। इस फॉर्मेट के अनुसार हर टीम अपने ग्रुप की बाकी 7 टीमों के साथ एक-एक मैच खेलेगी, इसलिए 8 टीमों के बीच कुल 28 लीग मैच खेले जाएंगे। सभी टीमों के पहुंचने के बाद गुरुवार और शुक्रवार को इन टीमों के खिलाड़ी होलकर स्टेडियम और डेली कॉलेज मैदान पर नियमित अभ्यास करेंगे। खिलाड़ियों को इन मैदानों की पिच और परिस्थितियों से तालमेल बिठाने का मौका मिलेगा । रोटेशन के आधार पर सभी टीमों को होलकर स्टेडियम में फ्लड लाइट्स में भी अभ्यास करने का अवसर दिया जाएगा । क्रिकेट प्रेमियों के लिए होलकर स्टेडियम में एंट्री फ्री रहेगी । कई टीमों के आने के बावजूद क्रिकेट प्रेमियों को अभी युवा स्टार अभिषेक शर्मा के शहर पहुंचने का इंतजार है। अभिषेक पंजाब की तरफ से मैदान में उतरेंगे।

14 नवंबर से शहर में टी-20 का रोमांच

इंदौर के अश्विन और निकिता भारतीय टीम में

इंदौर । दुबई में अयोजित होने वाली एशियन मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप 2026 में इंदौर के खिलाड़ी निकिता भास्कले और अश्विन खेरदे मुंबई से फ्लाइट द्वारा रवाना हुए दोनों ही खिलाड़ी अंडर 19 कैटेगरी में भारत का नेतृत्व करेंगे त उक्त जानकारी मॉडर्न पेंटाथलॉन मध्य प्रदेश के सचिव सुनील भारती ने दी।

शहर के हॉकी खिलाड़ियों को एशियन चैंपियनशिप देखने का अवसर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हो रहा है। प्रकाश हॉकी क्लब द्वारा शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को स्पर्धा के मैच दिखाने की व्यवस्था की गई है।

प्रकाश हॉकी क्लब के सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि एशियन चैंपियनशिप में 6 देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को आंखों के सामने खेलते देखकर भी बहुत सीखने को मिलता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मप्र के कैबिनेट मंत्री और क्लब अध्यक्ष तुलसीराम सिलावट ने इंदौर के खिलाड़ियों को स्पर्धा के मैच दिखाने की व्यवस्था की है। इस दौरान वरिष्ठ एनआइएस कोच भी साथ होंगे । यह एक शैक्षणिक यात्रा होगी । यहां मैचों के दौरान विभिन्न टीमों की रणनीतियों और खेल के तरीकों का अध्ययन किया जाएगा। इसका विश्लेषण कर खिलाड़ियों को आगामी ट्रेनिंग में मार्गदर्शन किया जाएगा । यह यात्रा इंदौर और महू के सभी खिलाड़ियों के लिए निशुल्क रहेगी । पालिया के उपसरपंच आशीष तिवारी के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी यात्रा में शामिल किया जाएगा । खिलाड़ियों का चयन योग्य प्रशिक्षकों का पैनल करेगा। खिलाड़ियों के आने और जाने के साथ अन्य जरूरी सभी व्यवस्था प्रकाश हॉकी क्लब द्वारा की जाएगी । किसी भी क्लब के इच्छुक खिलाड़ी रेसीडेसी क्षेत्र स्थित प्रकाश क्लब के अभ्यास स्थल पर एनआइएस कोच अशोक यादव, सरवर खान से संपर्क कर सकते हैं ।

प्रदेश के खिलाड़ी भी विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में दिखाएंगे जौहर

इंदौर । प्रदेश में पहली बार बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्नूकर प्रतियोगिता का रोमांच देखने को मिलेगा । 13 से 21 नवंबर तक यशवंत क्लब में आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जाएगा । इसमें दुनिया के 30 से अधिक देशों के खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे । चैंपियनशिप में भारत की 22 सदस्यीय टीम भी हिस्सा लेगी। इसमें देश के दिग्गज स्नूकर खिलाड़ी पंकज आडवाणी और महिला चैंपियन अनुपमा रामचंद्रन के साथ प्रदेश के पुरुष व महिला खिलाड़ी भी शामिल है । प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। 13 नवंबर से क्वालिफाइंग मुकाबलों की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता 21 नवंबर तक चलेगी। इस दौरान विभिन्न देशों के खिलाड़ी विश्व चैंपियन बनने के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता दो चरणों में होगी । पहले क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले होंगे उसके बाद मुख्य दौर के मुकाबले खेले जाएंगे ।

नीरज कुमार ने विश्व चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज मेडल, ओलंपिक कोटा भी हासिल किया

दोहा । आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ नीरज कुमार ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में भारत के लिए लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 का कोटा पक्का कर लिया है। शूटिंग में यह भारत का दूसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले, पिछले हफ्ते पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतकर जयपाल मालवीय ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए देश का पहला कोटा हासिल किया था।

प्रदेस के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर



पांचवें नंबर पर रहे


नीरज कुमार ने कुल 346.5 का स्कोर बनाया। वे सिल्वर जीतने वाले स्लोवाकिया के पैट्रिक जानी (357.2) और गोल्ड मेडल जीतने वाले दिमित्री पिमेनोव (362.8) के पीछे रहे। भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 323.7 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। उनके बाद क्रोएशिया के पेटार गोरसा (313.0), फ्रांस के रोमेन ऑफ्रे (302.1) और स्विट्जरलैंड के जान लोचबिहलर (300.8) रहे।

भारत के पास इस इवेंट में ओलंपिक मेडल- नीरज ने उसी इवेंट में कोटा हासिल किया है, जिसमें स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक 2024 में ऐतिहासिक ब्रॉन्ज मेडल जीता था। स्वप्निल पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक मेडल जीतने वाले पहले भारतीय शूटर बने थे। पिमेनोव ने तीनों पोजीशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में बढ़त बनाए रखी। 'नीलिंग' (घुटने के बल) और 'प्रोन' (पेट के बल) पोजीशन में अपना स्कोर बनाने के बाद इस एथलीट ने 'स्टैंडिंग' (खड़े होकर) सीरीज में भी अपनी बढ़त कायम रखी। उन्होंने 362.8 अंकों के साथ गोल्ड मेडल जीता और एक नया जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया।

अर्शदीप सिंह ने यूं समरीन कौर को कर दिया प्रपोज, की सगाई

नई दिल्ली । भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आईपीएल में ट्रेड हो गए हैं। वह पंजाब किंग्स से मुंबई इंडियंस पहुंच गए हैं। ट्रेड को ऑफिशियल होने के कुछ घंटों के बाद ही अर्शदीप सिंह की सगाई हो गए है। अभी भारतीय टीम के साथ अर्शदीप न्यूजीलैंड दौरे पर हैं। वहां उनकी गर्लफ्रेंड समरीन कौर भी साथ हैं।

अर्शदीप सिंह ने अपनी गर्लफ्रेंड समरीन कौर को न्यूजीलैंड में प्रपोज किया। उन्होंने घुटनों पर बैठकर रिंग निकली। यह देखकर समरीन को भरोसा ही नहीं हुआ। समरीन कौर ने खुद इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर की हैं। उन्होंने लिखा- और जिंदगी हमें जो कुछ भी



दे सकती थी, उनमें से सबसे अच्छी बात यह है कि उसने हमें एक-दूसरे से मिलाया। हमारा साथ, जिंदगी भर के लिए। 11.11.2026 हाय मंगेतर। समरीन कौर भारतीय एक्ट्रेस और मॉडल हैं, जो जम्मू-कश्मीर से ताल्लुक रखती हैं। उनका जन्म 7 सितंबर 1999 को हुआ था। उन्होंने साल 2018 में फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व किया था और फाइनलिस्ट बनी थीं। उन्होंने कबीर खान की फिल्म '83' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। अर्शदीप सिंह और समरीन कौर के रिश्ते की चर्चा इसी साल शुरू हुई है। वह आईपीएल के दौरान अर्शदीप को चियर करती नजर आईं। इसके बाद धर्मशाला में दोनों को घुमते हुए देखा गया था। जुलाई में अर्शदीप ने इंस्टाग्राम पर समरीन के साथ दो तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में 'My Person' लिखा और अपने पर मुहर लगा दी थी।

रांग साइड वाहन चलाने की बात पर हुई मारपीट

दो पक्षों में भिड़ंत में गाली-गलौज और लात-घूंसे के बाद वाहन में तोड़फोड़, प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत एबी रोड स्थित तुलसी हॉस्पिटल के पास रास्ते में वाहन निकालने और रांग साइड चलने की मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों तरफ से गाली-गलौज, हाथ-थप्पड़ों से मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पहले पक्ष से फरियादी मनीष पिता हुकुमसिंह चौहान, निवासी ओमेक्स सिटी-01, मायाखेड़ी ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि जब वह रांग साइड से तुलसी हॉस्पिटल, एबी रोड के पास पहुँचा, तो वहाँ एक आल्टो कार खड़ी थी। उस कार से सुनील मालवीय निवासी रविदास नगर और यश पंवार बाहर निकले और चिल्लाकर गाड़ी रोकने को कहा। जैसे ही मनीष और उसका साथी सागर नीचे उतरे, तो दोनों आरोपी उन पर भड़क गए और कहने लगे कि इतनी नजदीक से गाड़ी ले जाएगा, टक्कर मारेगा क्या? इसके बाद आरोपियों ने उन्हें गालियां देते हुए हाथ-थप्पड़ों से पीटा और उनकी सुपर कैरी गाड़ी का ड्राइवर साइड का कांच भी तोड़ दिया।

वहीं, दूसरे पक्ष से फरियादी यश पिता दिलीप पंवार, निवासी फोनिक्स टाउनशिप ने पुलिस को बताया कि उसका दोस्त सुनील मालवीय अपनी आल्टो कार से उसे फाल्गुन गार्डन के सामने मिला था, जिसके बाद वह उसकी कार में बैठ गया था। कुछ दूर आगे भारत पेट्रोल पंप के सामने जब उन्होंने गाड़ी रोकी, तो मनीष चौहान, जीवन पंवार दोनों निवासी ओमेक्स सिटी अपने अन्य साथियों के साथ अपनी सुपर कैरी गाड़ी क्र. एमपी 09 बीयू 4594 से वहाँ आ धमके। आरोपियों ने उनकी आल्टो कार की फोटो खींचना शुरू कर दिया और विरोध करने पर गालियां देने लगे। जब यश और सुनील ने गालियां देने से मना किया, तो उन लोगों ने उनके साथ लात-घूंसों से जमकर मारपीट की।

शराब पीने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में वाइन शॉप के बाहर मामूली बात पर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद और मारपीट हो गई। एक पक्ष ने जहां बीयर की बोतल से हमला कर सिर फोड़ दिया, वहीं दूसरे पक्ष के साथ भी लात-घूंसों से मारपीट की गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

वाइन शॉप के बाहर बीयर की बोतल व लात-घूंसों से मारपीट, दोनों पक्षों पर केस दर्ज

पुलिस के अनुसार, यह घटना राजेंद्र नगर वाइन शॉप के सामने दुर्गा नगर के पास की है। पहला पक्ष से फरियादी अनिल पिता शेषराव हतागले, निवासी भीम नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह वाइन शॉप के पास शराब पीने गया था, तभी आरोपी संजू और उसके साथियों ने उसे गालियां दीं। विरोध करने पर संजू ने बीयर की बोतल उसके सिर पर दे मारी, जिससे वह घायल हो गया और उसके साथियों ने लात-घूंसों से मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से फरियादी संजय पिता राजगिरी गोस्वामी, निवासी दुर्गा नगर ने आरोप लगाया कि जब वह वहां से पैदल गुजर रहा था, तब अनिल हतागले और उसके साथियों ने उसे गालियां देकर धक्का-मुक्की की और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस हमले में संजय के सिर, दाहिने हाथ, मुंह और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

इंदौर। हीरानगर पुलिस ने बीमा अस्पताल और भोलेनाथ मंदिर के पास से एक शातिर तस्कर को धरदबोचा है, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध ब्राउन शुगर जब्त की गई है।

हीरा नगर थाना पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की चेकिंग के दौरान बीमा अस्पताल व भोलेनाथ मंदिर के पास पहुँची थी। इसी दौरान वहाँ एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। सतर्क टीम ने त्वरित घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनीष उर्फ मोनू पिता शिवनारायण रम्बाडे, निवासी भागीरथपुरा के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 11.34 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत काफी अधिक आंकी गई है। हीरा नगर पुलिस ने आरोपी मनीष उर्फ मोनू के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

कपड़ा दुकान में आग लाखों का माल खाक

चोइथराम मंडी के समीप डीपी में लगी आग को रहवासियों ने बुझाया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर में आगजनी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। कल फिर शहर में कई जगहों पर आगजनी की घटना हुई है। राजाबाड़ा क्षेत्र में कपड़ा दुकान में आग लगने की सूचना के बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। मिली जानकारी के अनुसार तिलकपथ स्थित शेखर पिता बसंतीलाल की अरिहंत कलेक्शन दुकान में बीती रात आग लगी थी। सूचना मिलने के बाद दमकल मौके पर पहुंची और 5 हजार लीटर पानी बहाकर आग पर काबू पाया। दुकान में कपड़ा भरा होने के कारण कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया था। दमकल कर्मियों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। दुकान में रखा लाखों का माल जलकर खाक हो गया। इसके अलावा चोइथराम मंडी के समीप डीपी में आग लगने की सूचना भी फायर ब्रिगेड को मिली थी। हालांकि मौके पर जब दमकल पहुंची उससे पहले ही रहवासियों ने आग पर काबू पा लिया था।



होटल की चौथी मंजिल से कूदकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने की खुदकुशी

भारी बिल और आर्थिक तंगी बनी वजह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया स्थित त्रिवेणी होटल की चौथी मंजिल से कूदकर एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना बुधवार देर रात की है। देर रात करीब 2 बजे होटल कर्मचारी ने युवक को पीछे के खाली प्लॉट में गंभीर अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लसूड़िया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

लसूड़िया पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान राजकुमार पिता शिवसिंह यादव (46) निवासी लक्ष्मी नगर के रूप में हुई है। वह पिछले लगभग डेढ़ महीने से अपनी पत्नी सर्वरी बेगम और 8 साल की बेटी के साथ होटल त्रिवेणी में ठहरा हुआ था। पूछताछ में मृतक की पत्नी सर्वरी बेगम ने बताया कि होटल का बिल 70 हजार रुपये से अधिक हो गया था। बिल का भुगतान न हो पाने के कारण होटल संचालक ने पत्नी और बेटी को जाने तथा राजकुमार को रुककर भुगतान करने की बात कही थी। इसके चलते सर्वरी बुधवार शाम को कोलकाता के लिए निकल गई थी और उसने पति को वहाँ पहुँचकर पैसे भेजने का आश्वासन दिया था, लेकिन देर रात उसे राजकुमार की मौत की खबर मिली। जांच में सामने आया कि राजकुमार पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर था और नौकरी छोड़कर खुद का काम शुरू करना चाहता था। वह दिसंबर 2025 से आर्थिक तंगी के चलते लगातार परेशान चल रहा था। उसके पिता का एक प्लॉट यश श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति के माध्यम से बिका था, जिससे उसे भुगतान मिलना बाकी था। राजकुमार को उम्मीद थी कि गुरुवार को पेमेंट मिलते ही वह होटल का बिल चुका देगा। पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें तो राजकुमार ने 2007 में सर्वरी बेगम से पहचान के बाद शादी की थी और बाद में 2010 में परिजनों की मर्जी से प्रीति यादव नाम की महिला से दूसरी शादी की थी। पारिवारिक विवाद के बाद वह पहली पत्नी के साथ रहने लगा था। पुलिस के मुताबिक मृतक के पिता, माँ और पुलिस सेवा में कार्यरत एक भाई इंदौर में ही रहते हैं। लसूड़िया थाना पुलिस मामले के सभी पहलुओं, आर्थिक लेनदेन और पारिवारिक तनाव की गहनता से पड़ताल कर रही है।



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खाली जगह पर पड़े कचरे में लगी आग के बाद धुएं से परेशान हुए रहवासी

दोपहर में लगी आग दमकल ने बुझाई, शाम को फिर लगी

बीती रात किला मैदान झोन के समीप नाले से सटे क्षेत्र में भीषण आग कचरे में लग गई। कचरे में यह आग दोपहर में लगी थी जिसके बाद दमकल ने काबू पाया और फिर रात को आग भभक गई। जिसके बाद दमकल ने जाकर बुझाई। कचरे में आग के कारण निकले धुएं से आसपास के रहवासी रहवासी परेशान हुए। किला मैदान झोन के समीप राधा नगर के पीछे स्थित नाले के पास खाली जमीन पर जमकर कचरा पड़ा हुआ है, हालात यह है कि अवैध ट्रेचिंग ग्राउण्ड ही यहां नजर आता है। कचरे में कल दोपहर आग लग गई थी जिसकी सूचना मिलने के बाद दमकल ने बुझाई। शाम को फिर आग भभक गई। आग से निकले धुएं के कारण आसपास के रहवासी परेशान होते नजर आए। बताया जा रहा है कि कचरे में आग के कारण निकले धुएं से सांस लेने में लोगों को तकलीफ हो रही थी। देर रात तक दमकल ने आग बुझाने की कोशिश की और फिर आग पर काबू पाया। इधर भांगलिया के कचरा प्लांट में भी आग लगी थी।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com